


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-182 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## विजय की करूर रैली में भगदड़ से 39 की मौत

### टीवीके ने किया 20 लाख मुआवजे का ऐलान

**तमिलनाडु,28 सितंबर।** तमिलनाडु के करूर में विजय की जनसभा में मची भगदड़ ने 39 जानें ले लीं, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे, जिससे राज्य में गहरे सदमे का माहौल है। इस भयावह हादसे के बाद अभिनेता-राजनेता विजय ने मृतकों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इसे राज्य की सबसे बुरी त्रासदियों में से एक बताते हुए विस्तृत न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं, ताकि घटना के कारणों और जिम्मेदारियों का पता चल सके। तमिलनाडु के करूर में शनिवार शाम अभिनेता और राजनेता विजय की रैली में मची भीषण भगदड़ में 10 बच्चों और 16 महिलाओं सहित 39 लोगों की दुखद मौत हो गई। इस बड़ी त्रासदी के बाद चेन्नई में विजय के आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। विजय ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों की मदद के लिए सहायता राशि देने की घोषणा भी की है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस घटना को



राज्य की हाल की सबसे बुरी त्रासदियों में से एक बताते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरुणा जगदीशन के नेतृत्व में न्यायिक जाँच आयोग के गठन की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए चेन्नई में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक भी की।

**विजय ने मुआवजा राशि की घोषणा की-** तमिलगा वेत्री कझगम के प्रमुख विजय ने एक बयान जारी कर इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। विजय ने कहा कि करूर में जो हुआ, उसे सोचकर उनका दिल और दिमाग गहरे भारीपन से भरा है। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने के अपार दुःख को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने सभी प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और इसे अपूर्णीय क्षति बताया। पीड़ितों की मदद के लिए, विजय ने घोषणा की कि वह मृतकों के परिवारों को 20 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि देंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि उनका तमिलगा वेत्री कझगम संगठन इलाज करा रहे घायलों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा।

## संक्षेप

### पीएम मोदी ने जताया शोक मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि घोषित

**नई दिल्ली,28 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की रैली में हुई भीषण भगदड़ पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दुखद घटना में 39 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस त्रासदी में घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

**राष्ट्रपति और अन्य नेताओं ने भी जताया दुख**-इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने भी शोक व्यक्त किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से बात की और राज्य को हर संभव केंद्रीय सहायता देने का आश्वासन दिया है। साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से घटना पर रिपोर्ट भी मांगी है।

### नूंह में भारी हंगामा, चोर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर पथराव

**नई दिल्ली,28 सितंबर।** नूंह में रविवार को भारी बवाल खड़ा हो गया है। यहां चोर को पकड़ने गई पुलिस पर पथराव किया गया है। इस दौरान गोलियां चलने की खबर भी सामने आ रही है। स्थिति को काबू करने के लिए भारी पुलिसबल तैनात कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पथराव करने वाले आरोपी के समर्थक बताए जा रहे हैं जिन्होंने पुलिस पर अवैध राइफल से गोलियां भी चलाईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना में कई पुलिसवालों के घायल होने की खबर है। इस दौरान पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई की जाने की भी खबर है। पुलिस ने करीब 7-8 राउंड फायरिंग की और 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 90 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जिनमें से 30 नामजद हैं। घटना नूंह के बिछौरा गांव की बताई जा



रही है जहां पुलिस एक चोर को पकड़ने के लिए पहुंची थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और पुलिस पर पथराव और गालीबारी शुरू कर दी। इस दौरान कई लोगों ने नकाब भी पहना हुआ था और ये अवैध हथियार से पुलिस पर गोली चलाते भी नजर आए। बताया जा रहा है कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी 7-8 राउंड फायरिंग करनी पड़ी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

### एक और नक्सली गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, एसआईए ने एक और नक्सली रामा किचाम को भाठागांव इलाके से गिरफ्तार है. आरोपी के कब्जे से सोने के बिस्कुट और नगदी रकम भी मिली है. आपको बता दें कि इससे पहले राजधानी रायपुर में डीडी नगर थाना क्षेत्र में नक्सली दंपति जग्गू कुरसम उर्फ रमेश और उनकी पत्नी कमला कुरसम को गिरफ्तार किया गया था।

## शहीद भगत सिंह को 118वीं जयन्ती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सादर नमन

**रायपुर,28 सितंबर।** आज शहीद भगत सिंह के 118वीं जयन्ती पर उन्हें सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 4 के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के एसआरपी चौक शंकर नगर के किनारे स्थित शहीद की प्रतिमा के समक्ष रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनका छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से सादर नमन किया.संक्षिप्त आयोजन में राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक



निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शहीद भगत सिंह को 118वें जयन्ती पर समस्त राजधानीवासियों की सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की. रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा,नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य श्रीमती संजना संतोष हियाल, श्री अवतार भारती बागल, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्त्ता डॉक्टर दीपक क्लाडियस, श्री सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, नगर निगम जोन 4 सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन सहित छत्तीसगढ़ सिख समाज के पदाधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों ने शहीद भगत सिंह का 118वीं जयन्ती पर सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.

## 'मन की बात' करोड़ों देशवासियों को जोड़ने, उत्कृष्ट कार्यों को सामने लाने का माध्यम : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुनी 'मन की बात' कार्यक्रम की 126वीं कड़ी



**रायपुर, 28 सितंबर**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 126वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' करोड़ों देशवासियों को जोड़ने, उन्हें प्रेरित करने तथा नवाचार और बेहतर कार्यों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह और स्वर कोकिला लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्य स्मरण किया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को शक्ति उपासना के पर्व नवरात्रि की शुभकामनाएँ भी दीं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शक्ति उपासना के इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश की दो बहादुर बेटियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा की 'नाविका सागर परिक्रमा' का उल्लेख किया। दोनों अधिकारियों ने 47 हजार 500 किलोमीटर की समुद्री यात्रा 238 दिनों में पूरी की और दुनिया के सबसे सुदूर स्थान 'नीमो प्वाइंट' पर तिरंगा फहराकर देश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय देशभर में 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी दरों में हुई कटौती से लोगों को दैनिक जरूरतों की वस्तुओं से लेकर वाहनों, कृषि उपकरणों और मशीनों तक में बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत का आह्वान करते हैं और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम स्वदेशी वस्तुएँ खरीदते हैं, तो हम केवल सामान नहीं लेते, बल्कि एक परिवार की उम्मीद, एक कारीगर की मेहनत और एक उद्यमी के सपनों को सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि खादी उत्पादों की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ी है और हम सभी को खादी के वस्त्रों और उत्पादों का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, सीजीएमएससी के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सीमा पर पाक-चीन की नींद उड़ाएगा भारत का 'अनंत शस्त्र'

**नई दिल्ली,28 सितंबर।** भारतीय सेना ने अपनी हवाई सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए एक निर्णायक कदम उठाया है। इसकी वायु रक्षा शाखा ने अनंतशस्त्र नामक त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (QRSAM) प्रणाली को सेना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP) जारी किया है। यह प्रणाली सिर्फ़ एक मिसाइल प्रणाली का आगमन नहीं है; यह भारत की उस भविष्य की ओर छलांग है जहाँ युद्धक्षेत्र की सुरक्षा स्वदेशी नवाचार पर टिकी है। यह सुनिश्चित करता है कि सैनिक एक सुरक्षात्मक गुंबद के नीचे लड़ें, इस विश्वास के साथ कि उनके आसमान पर नज़र रखी जा रही है। अनंतशस्त्र एक आधुनिक त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है जिसे विशेष रूप से भारतीय सेना की ज़रूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मशीनीकृत और बख्तरबंद संरचनाओं के लिए एक ढाल के रूप में कार्य करेगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि टैंक, पैदल सेना के लड़ाकू वाहन जैसे बीएमपी, और तोपखाने दुश्मन के विमानों, हेलीकॉप्टरों, ड्रोन, घूमते हुए हथियारों, रॉकेटों और यहाँ तक कि सटीक-निर्देशित हथियारों से सुरक्षित रहें। एक बार सेना में शामिल हो जाने पर, यह भारत के मोबाइल युद्ध समूहों को हवाई खतरों की लगातार चिंता किए बिना, स्वतंत्र रूप से काम करने का आत्मविश्वास देगा योजना महत्वाकांक्षी है। अनंतशस्त्र की नौ इकाइयाँ बनाई जानी हैं, जिनमें 36 मिसाइलें और 36 रडार होंगे। कुल मिलाकर, तीन रेजिमेंटों का गठन किया जाएगा, जो भारत की अग्रिम पंक्ति की वायु रक्षा क्षमताओं का एक बड़ा विस्तार होगा। पूरी परियोजना का मूल्य लगभग 30,000 करोड़ रुपये है, जो इसे हाल के वर्षों में सेना के सबसे बड़े वायु रक्षा कार्यक्रमों में से एक बनाता है युद्ध में, 10 किलोमीटर तक का निम्न-से-मध्य हवाई क्षेत्र, जिसे वायु तटवर्ती क्षेत्र कहा जाता है, सैनिकों और उपकरणों के लिए सबसे खतरनाक क्षेत्र होता है। यहीं पर दुश्मन के जेट हमले के लिए नीचे उतरते हैं, हेलीकॉप्टर रॉकेट दागने के लिए उड़ान भरते हैं, और ड्रोन या मंडराते हुए हथियार लक्ष्यों की तलाश करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सेना की वायु रक्षा ने दुश्मन के हवाई खतरों को रोकते हुए एक दीवार की तरह काम किया। अनंतशस्त्र अब उस दीवार को और मज़बूत करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत इस महत्वपूर्ण क्षेत्र पर अपना दबदबा बनाए रखे और अपनी संरचनाओं को सुरक्षित रखे।

## युवक की चाकू गोदकर हत्या, दोस्तों के साथ आया था दुर्गा पंडाल

**बलौदाबाजार, 28 सितंबर।** सुहेला में दोस्तों के साथ दुर्गा पंडाल के पास आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए युवक का मर्डर हो गया है. आरोपियों ने उसे चाकू से वारकर मौत के घाट उतार दिया. घटना शनिवार-रविवार के दरमियानी रात की है. मृतक की पहचान मुड़ापार निवासी गोपाल साहू के रूप में हुई है. सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया है. जानकारी के अनुसार, पूरा मामला सुहेला थाना क्षेत्र का है. गोपाल साहू अपने



दोस्तों के साथ सुहेला में दुर्गा पंडाल के पास आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए आया था. आज सुबह उसकी लाश मिली है. पेट, सीने और जांघों पर गहरे चोट के निशान मिले हैं. घटना के बाद से इलाके में दहशत फैल गई है. शव मिलने की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. साथ ही उसके दोस्तों से पूछताछ की जा रही है.

## बहरामपुर दुर्गा पंडाल में महिषासुर को दिखाया गया ट्रंप

**कोलकाता,28 सितंबर।** समिति ने बताया कि ट्रंप के आकार का राक्षस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के प्रयासों के बावजूद ट्रंप द्वारा कथित विश्वासघात का प्रतीक है। इस मूर्ति को कलाकार असीम पाल ने बनाया है। यह चित्रण व्यापार नीतियों पर शिकायतों को दर्शाता है, जिसमें भारत पर लगाए गए टैरिफ भी शामिल हैं, जिन्हें समिति देश के हितों के लिए हानिकारक मानती है। पश्चिम बंगाल के बहरामपुर स्थित खगरा श्मशान घाट दुर्गा पूजा समिति ने अपने दुर्गा पूजा समारोहों की अनूठी थीम के साथ व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। इस वर्ष समिति ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तर्ज पर एक राक्षस की मूर्ति का अनावरण किया है। समिति ने बताया कि ट्रंप के आकार का राक्षस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के प्रयासों के बावजूद ट्रंप द्वारा कथित विश्वासघात का प्रतीक है। इस मूर्ति को कलाकार असीम पाल ने बनाया है। यह चित्रण व्यापार नीतियों पर शिकायतों को दर्शाता है, जिसमें भारत पर लगाए गए टैरिफ



भी शामिल हैं, जिन्हें समिति देश के हितों के लिए हानिकारक मानती है। बहरामपुर नगर पालिका के महापौर नारू गोपाल मुखर्जी की उपस्थिति में इस मूर्ति का अनावरण किया गया और इसके तुरंत बाद बड़ी संख्या में दर्शक एकत्रित हुए। ट्रंप का दानव जल्द ही चर्चा का केंद्र बन गया, यह दर्शाता है कि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रम स्थानीय सांस्कृतिक प्रथाओं में कैसे प्रतिध्वनित होते हैं। गौरतलब है कि ट्रंप की छवि को भारतीय सांस्कृतिक संदर्भों में समाहित करने का यह पहला उदाहरण नहीं है। 2018 में, तेलंगाना के एक किसान ने राष्ट्रों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने की आशा में ट्रंप को समर्पित एक मंदिर बनवाया था। पूजा समिति के सदस्य प्रतीक ने मूर्ति के बारे में बात करते हुए कहा कि हमने यह मूर्ति उनके द्वारा हम पर लगाए गए पचास प्रतिशत शुल्क के जवाब में बनाई है। हमारे मोदी, जो डोनाल्ड ट्रंप को अपना मित्र मानते थे, उनके द्वारा विश्वासघात किया गया। इसी को दर्शाने के लिए, हमने उन्हें एक दानव के रूप में चित्रित किया है।

## 20 करोड़ के गबन के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को आगरा में दबोचा

**नई दिल्ली,28 सितंबर।** यौन उत्पीड़न और धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहे स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को पुलिस ने काफी दिनों बाद रविवार तड़के आगरा के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली के एक मैनेजमेंट संस्थान के पूर्व डायरेक्टर चैतन्यानंद पर 17 से ज्यादा छात्राओं ने गाली-गलौज, गलत तरीके से छूने और अश्लील संदेश भेजने के गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद वह छिप गए थे। काफी दिनों तक पुलिस से छिपने के बाद, यौन उत्पीड़न और धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहे आध्यात्मिक गुरु और एक मैनेजमेंट संस्थान के पूर्व डायरेक्टर स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को आखिरकार रविवार तड़के 3:30 बजे आगरा के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के डायरेक्टर रहे स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती (जिन्हें पार्थसारथी के नाम से भी जाना जाता है) तब छिप गए थे, जब संस्थान की 17 से ज्यादा छात्राओं ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। ये छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) छात्रवृत्ति के तहत पढ़ रही थीं। छात्राओं ने उन पर गाली-गलौज, गलत तरीके से छूने (अवांछित शारीरिक संपर्क) और अश्लील संदेश भेजने के आरोप लगाए थे। इन गंभीर आरोपों के बाद, श्री श्रृंगेरी मठ प्रशासन ने उन्हें डायरेक्टर पद से हटा दिया था। इसके अलावा, पुलिस ने उन्हें देश



छोड़कर भागने से रोकने के लिए लुक-आउट नोटिस भी जारी कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि 62 साल के इस स्वयंभू बाबा को एक गुप्त सूचना के आधार पर आगरा से पकड़ा गया। पुलिस में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, उसने कथित तौर पर छात्राओं को देर रात अपने कमरे में आने के लिए मजबूर किया और उन्हें बेवक्त गलत संदेश भेजे। उस पर यह भी आरोप है कि उसने अपने फ़ोन के जरिए छात्राओं की हरकतों पर नजर रखी।

**धोखाधड़ी के मामले में अग्रिम जमानत खारिज**-शुक्रवार को, दिल्ली की एक अदालत ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पार्थसारथी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह मामला श्रृंगेरी मठ प्रशासन की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। श्रृंगेरी मठ और पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि पैसा गबन करने के लिए एफआईआर दर्ज होने के बाद, पार्थसारथी ट्रस्ट का पैसा लेकर भाग गया था। उसने बैंक से लगभग 55 लाख रुपये भी निकाल लिए थे और यहां तक कि अलग नाम से एक नकली पासपोर्ट भी बनवा लिया था। दिसंबर 2024 में हुई एक शुरुआती जांच (ऑडिट) में सामने आया था कि उसने पीठम (श्री श्रृंगेरी मठ) से जुड़ी संपत्तियों और पैसे में धोखाधड़ी और हेराफेरी की है। साल 2010 में, पार्थसारथी ने धोखाधड़ी से श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट नाम से एक और ट्रस्ट बना लिया था, जबकि AICTE से मान्यता प्राप्त ट्रस्ट का नाम केवल श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट रिसर्च था। उस पर आरोप है कि उसने पीठम की लगभग 20 करोड़ रुपये की संपत्ति और धन का गबन किया, क्योंकि सारी कमाई नए बनाए गए ट्रस्ट के खाते में जमा कर दी गई थी।

# नवरात्रि में गरबा की धूम, रंग-बिरंगी पोशाकों में कदम से कदम मिला झूमे प्रतिभागी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 सितम्बर।** नवरात्रि पर्व के मौके पर आम्रपाली सोसाइटी में आयोजित गरबा महोत्सव में उत्साह और उमंग का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सोसाइटी परिसर रंग-बिरंगी लाइटों, सजे पंडाल और तेज गरबा धुनों से देर रात तक गूंजता रहा।

पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे महिलाएं, युवा और बच्चे ढोल-नगाड़ों और डीजे की ताल पर थिरकते रहे। डांडिया और गरबा की घेरदार प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी मनमोहक बना दिया। आयोजन में सोसाइटी के सभी परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे के साथ सांस्कृतिक एकता और सौहार्द का संदेश दिया। आम्रपाली वनांचल सिटी के रहवासी वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल ने बताया कि आयोजन समिति ने प्रतिभागियों के लिए सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा और सर्वश्रेष्ठ जोड़ी जैसी प्रतियोगिताएं भी रखीं, जिनमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इनमें श्रीमती अंजू अशोक गोयल को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का दिल जबकि जबकि वरिष्ठ नागरिकों ने भी पारंपरिक ताल पर कदम मिलाकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। यहाँ उपस्थित सोसाइटी के निवासियों ने गरबा महोत्सव को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का संगम बताया। आयोजन समिति से जुड़े पीएस सिंह, रिंकू अग्रवाल, वीनू अग्रवाल, रवि सोनी एवं नवल आदि ने उपस्थित होकर समाज में आपसी मेलजोल बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे पर्व-उत्सव नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समाचार संक्षेप

# रिसाली नगर निगम को मिलेगा बेस्ट एसएलआरएम पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 28 सितम्बर।** रिसाली नगर निगम ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कचरा पृथक्करण केंद्रों (एसएलआरएम) के बीच सर्वश्रेष्ठ केंद्र चुनने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की। शनिवार को हुए निरीक्षण में सभी केंद्रों को न केवल साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखा गया, बल्कि कर्मचारियों ने कबाड़ से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कर अपनी रचनात्मकता भी प्रदर्शित की। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि इस बार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत यह नया प्रयोग किया गया है, ताकि एसएलआरएम केंद्रों के संचालन को बेहतर और व्यवस्थित किया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में होने वाले सर्वेक्षण में भी यह पहल सहायक होगी और कर्मचारियों को पुरस्कार मिलने पर गर्व का अनुभव होगा। शनिवार की दोपहर आयुक्त द्वारा नामित निर्णायक मंडल उप



अभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर, मिशन मैनेजर अरुणा धृतलहरे, आईरा आनंद और पीआईयू विजय कश्यप ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रतियोगिता के परिणाम सोमवार को घोषित किए जाएंगे। कचरा छटाई और सुरक्षा के मापदंड, आरआर सेंटर का रखरखाव, वेस्ट टू आर्ट (कबाड़ से कला), परिसर की सफाई, कबाड़ का व्यवस्थित रखरखाव विषय पर दस-दस अंक दिए जायेंगे। प्रतियोगिता के दौरान कर्मचारियों ने परिसर को आकर्षक बनाने के लिए सजावट की और रजत जयंती थीम पर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

## एक नजर



कवर्धा, 28 सितम्बर। सुबह सुबह श्रद्धालुओं ने की मां दुर्गा की पूजा।

### घायल गौवंश के उपचार के लिए चलित एंबुलेंस सेवा शुरू करने की मांग

**भिलाई, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की पूर्व संयोजक शारदा गुप्ता ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर घायल और बीमार गौवंश के उपचार के लिए चलित एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था करने की मांग की है। गुप्ता की इस पहल पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने पत्र को जिला कलेक्टर को अग्रेषित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शारदा ने बताया कि बरसात के मौसम में मक्खी-मच्छर के काटने से बचने के लिए गायें अक्सर सड़कों पर आकर बैठ जाती हैं। इस कारण वाहनों की चपेट में आने से रोज कई गाय और बछड़े घायल या मृत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, ऐसे में उनका इस तरह सड़कों पर घायल पड़े रहना लोगों की भावनाओं को आहत करता है। गुप्ता ने मांग की है कि डायल 112 की तर्ज पर एक ऐसा त्वरित सेवा नंबर जारी किया जाए, जिस पर कॉल करने पर चलित एंबुलेंस आधे घंटे के भीतर मौके पर पहुंचे और 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहे। वर्तमान में कुछ वाहन गौवंश की सेवा के लिए चल रहे हैं, लेकिन उनका संपर्क नंबर स्पष्ट नहीं है और समय पर नहीं पहुंच पाने से अक्सर घायल पशु बिना उपचार के ही दम तोड़ देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई गौ सेवक अपने स्तर पर सेवा करते हैं, लेकिन संसाधनों और आर्थिक सहयोग के अभाव में पीछे हटने को मजबूर हो जाते हैं।

### पीएम आवास योजना की लॉटरी 8 को

**भिलाई, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत किफायती आवास योजनाओं मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों पर निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। निगम भिलाई से मिली जानकारी के अनुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त हितग्राहियों को कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु 75 हजार रुपये की हितग्राही अंशदान राशि निगम कोष में जमा करनी होगी। इसके बाद नियमानुसार सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति से अन्य तल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल के आवास दिए जाएंगे, जबकि वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन को भूतल के आवास प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किए जाएंगे। लॉटरी प्रक्रिया 8 अक्टूबर दोपहर 12 बजे नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में आयोजित होगी। निगम प्रशासन ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर लॉटरी में भाग लें।

### हेरोइन चिट्टा मामले में कई लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई लंबे समय से हेरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया मोहन नगर पुलिस ने बताया कि घटना में पांच आरोपियों से मोबाइल भी बरामद की गई है आरोपियों में श्रमिक नगर छावनी निवासी हरीश कुमार सोनी, हाउसिंग बोर्ड प्रशांत मसीह, अब्दुल ईरफान, अबदुल समीर भिलाई नगर सौरभशर्मा, सेक्टर - 1 भिलाई निहाल राय, सेक्टर वन पी. तुलसा राव है। पुलिस ने अभी तक मामले 15 आरोपी पुलिस पकड़ने आ चुके है आरोपिगण एक दुसरे से वाट्सअप कॉल के माध्यम से सम्पर्क कर आपस में नशे की लेन देन की रकम सुविधानुसार नगद व ऑनलाईन ट्रांसफर करते थे मामले में मोहन नगर थाने पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने आईआईटी भिलाई चरण-बी निर्माण की रखी आधारशिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**भिलाई, 28 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के स्थायी परिसर के चरण-बी निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। वर्चुअल समारोह में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के चरण बी निर्माण के साथ ही प्रधानमंत्री ने सात अन्य आईआईटी, आईआईटी पटना, आईआईटी इंदौर, आईआईटी जोधपुर, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी पलक्कड़, आईआईटी धारवाड़ और आईआईटी जम्मू के चरण बी का उद्घाटन किया।

यह नए इंजीनियरिंग और विज्ञान विभागों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, आईसीटी सक्षम व्याख्यान कक्षों और उपकरण और प्रोटोटाइप सुविधाओं को जोड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। चरण बी निर्माण की आधारशिला रखने के साथ, आईआईटी भिलाई बुनियादी ढांचे के विकास के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। भारत सरकार ने 29 मई 2025 को चरण बी के लिए 2,257.55 करोड़ रुपये मंजूर किए, जिसमें से 1092 करोड़ रुपये परिसर निर्माण के लिए हैं। इस परिसर के साथ निर्मित क्षेत्र को अतिरिक्त 1,51,343 वर्ग मीटर तक बढ़ाया जाएगा। चरण बी के दायरे में भवन और सुविधाओं में छात्रावास, मेस हॉल, इनडोर खेल परिसर, ओपन एयर थिएटर, कैंटीन, क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी मैदान, टेनिस कोर्ट, आवासीय भवन और स्वास्थ्य केंद्र और खरीदारी परिसर का विस्तार भी शामिल है। छात्रों की संख्या भी 1500 से बढ़कर 3000 हो जाएगी।

चरण बी के प्रमुख विकासों में से एक परिसर में 96 करोड़ रुपये की लागत से एक अनुसंधान पार्क की स्थापना होगी, जो छत्तीसगढ़ राज्य में पहला होगा। अनुसंधान पार्क का उद्देश्य अकादमिक उद्योग के सहयोग का महत्वपूर्ण लाभ उठाना और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इस परियोजना के अक्टूबर 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह संस्थान न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के तकनीकी विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई सुविधाएँ छात्रों को शोध और नवाचार के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करेंगी और क्षेत्र में रोजगार व आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिसा के झारसुगड़ा से इस चरण की आधारशिला रखते हुए कहा कि यह प्रद्योगिकी संस्थान देश में नया इतिहास रचेगा। इस अवसर पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब ने मिडिया से चर्चा करते हुए बताया कि आईआईटी भिलाई का यह विस्तार प्रदेश के युवाओं को उच्चस्तरीय तकनीकी शिक्षा और उन्नत कौशल प्रशिक्षण के नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की इस पहल के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम तैयार करेगी, जिनसे स्थानीय युवाओं को आधुनिक उद्योगों की ज़रूरत के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा सके। कार्यक्रम में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के साथ ही आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी, शंकराचार्य विश्वविद्यालय के कुलपति आई पी मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रतिनिधियों, आईआईटी भिलाई के अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों और उद्योग जगत के अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

# ब्रह्माकुमारीज़ की चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ, नवरात्रि पर मनमोहक प्रस्तुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 सितम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सेक्टर-7 राजयोग भवन में नवरात्रि के अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी का भव्य शुभारंभ किया गया। ध्वनि एवं प्रकाश के मनोहारी संयोजन से सजी इस झांकी का उद्घाटन शिव शक्ति स्वरूपा ब्रह्माकुमारी बहनों ने दीप प्रज्वलन कर किया। विशाल पर्वत श्रृंखला के बीच गुफाओं और पहाड़ियों से एक के बाद एक जड़ मूर्ति रूप में प्रकट होती चैतन्य देवियां दर्शकों को अद्भुत और दिव्य अनुभूति कराती हैं। यह झांकी न केवल आंतरिक शक्तियों के दर्शन कराती है बल्कि जीवन की अशांति और अंधकार को मिटाकर आत्मशक्ति का प्रकाश जगाने का संदेश देती है। झांकी का मुख्य संदेश है कि जैसे नदी का उद्गम स्थल शुद्ध और पवित्र रहता है, वैसे ही हमें भी शिव शक्तियों को अपने भीतर धारण करने के लिए बुराइयों, नकारात्मकता, व्यसन और ईर्ष्या-द्वेष को त्यागना होगा। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी आशा दीदी ने बताया कि इस अवसर पर नई समर्पित शिव शक्ति स्वरूपा ब्रह्माकुमारी बहनों ने मातृत्व की पावन पालना से प्रेरित होकर दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। आशा दीदी वर्तमान में छत्तीसगढ़, उड़ीसा, राजस्थान और इंदौर जोन की मुख्य बहन के रूप में ईश्वरीय सेवाएं दे रही हैं।

# ड्राइवर को बंधक बनाकर मारपीट, मोबाइल और स्कूटी छीनी, ट्रक मालिक गिरफ्तार



**भिलाई, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत ड्राइवर को बंधक बनाकर मारपीट की। इसके बाद उसका मोबाइल और उसकी स्कूटी भी छीन ली। रिपोर्ट पर इस मामले में पुलिस ने ट्रक मालिक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है भिलाई पुरानी टीआई अंम्बेर सिंह भारद्वाज ने बताया कि हाउसिंग बार्ड मुर्गा चौक जामुल निवासी रविन्दर यादव (40 साल) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह हथखोज निवासी विक्रम सिंह का ट्रक पिछले एक माह से चला रहा है उसके कहने पर पिछले दिनों रायपुर से माल लोड कर मुंबई गया था बाद में असनसोल कोलकाता से ट्रक में चैनल लोड कर के भिलाई आ रहा था। 18 सितंबर को सुबह लगभग 10 बजे सिमगा पहुंचा तो ट्रक का डीजल खतम हो गया मालिक विक्रम सिंह को फोन से डीजल खत्म होने के बारे में जानकारी दी इस पर विक्रम अपने साथ मुंशी और मंदीप मिस्त्री को थार में लेकर आया आते ही डीजल चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसे जबरदस्ती थार में बिठाकर हथखोज स्थित गोडाउन में ले गया, जहां एक कमरे में बंद कर विक्रम और उसका मुंशी ने बेल्ट से मारपीट की इसके बाद उसकी पत्नी लक्ष्मी यादव को कॉल कर उसकी स्कूटी गोडाउन लाने के लिए कहा। जब उसका साला गाड़ी लेकर पहुंचा तो उसे मारपीट कर भगा दिया और उसकी स्कूटी छीन ली इसके बाद मुंशी ने कोरे कागज में जबरदस्ती ड्राइवर का अंगूठा लगवा लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी बोरसी कदम प्लाजा निवासी हरप्रीत सिंह उर्फविक्रम (41 साल ), एलआईजी 293 हुडको निवासी इरफान अहमद (47 साल ) और शीतला पारा हथखोज निवासी मंदीप सिंह (31 साल ) को गिरफ्तार कर लिया है।

# चुनरी यात्रा के दौरान चाकूबाजी में चार युवक घायल, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 सितम्बर।** छावनी थाना क्षेत्र के निकली चुनरी यात्रा में अचानक बवाल हो गया मामूली विवाद के बाद दबंग आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर चार युवकों को लहूलुहान कर दिया वारदात के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी मौके से फरार हो गए पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओ में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि छावनी गायत्री मंदिर चटाई क्वार्टर इलाके से चुनरी यात्रा गुजर रही थी इसी दौरान दो युवकों के बीच कहासुनी हो गई जिसे लोगों ने शांत करा दिया तभी सोनू कुरैशी वहां पहुंचा और खड़े मुकेश सोनकर से बहस छेड़ दी देखते ही देखते उसका भाई शानू कुरैशी भी हाथ में चाकू लेकर पहुंच गया और हमला बोल दिया चार से अधिक लोग घायल चाकूबाजी में मुकेश सोनकर, उमेश, आकाश और कमल सोनकर बुरी तरह घायल हो गए खून से लथपथ हालत में चारों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है घटना से इलाके में दहशत फैल गई और श्रद्धालु भयभीत हो गए आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस छावनी थाना पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान शानू खान पिता कुबेर अहमद और मोहम्मद साहिल खान उर्फ सोनू समेत अन्य के रूप में हुई है इनके खिलाफ धारा 109, 294, 115, 352 और घातक हमले की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।धार्मिक यात्रा के दौरान हुई इस खतरनाक वारदात ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है।

# शेयर को अपने नाम कर धोखाधड़ी करने वाले को तीन साल की कैद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 सितम्बर।** शेयर को अपने नाम कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी विमल कुमार शाह को कोर्ट ने सजा दी है न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजली सिंह की कोर्ट ने आरोपी को तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है परिवादी प्रणव कुमार गांगुली ने वर्ष 2019 में तत्कालीन आईजी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने शिकायत दर्ज करते हुए बताया था कि 1980 में एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड के 50 शेयर को उसने अपनी पत्नी के नाम पर खरीदे थे। वह सेकंड शेयर होल्डर था। समय बीतने के साथ उसके शेयर बढ़कर 5870 हो गए थे।

शेयर की कुल कीमत लगभग 1 करोड़ 20 लाख 87 हजार 870 रुपए हो गई थी। परिवादी पहले कानपुर में रहता था इसके बाद वह अपनी बेटी के साथ नेहरू नगर भिलाई आ गया था। इसी दौरान उसके शेयर गुम हो गए थे। कुछ दिनों बाद उसे एशियन पेंट्स कंपनी की ओर से जानकारी मिली कि 5370 शेयर जबलपुर के मानसरोवर कॉलोनी निवासी विमल कुमार शाह को बेचा गया है जबकि उसने या उसकी पत्नी ने शेयर बांड बेचने के कोई पेपर साइन नहीं किए थे। 8 जून 2020 को सुपेला थाना में अपराध दर्ज किया गया था। सुपेला थाना जांच अधिकारी मनीष बाजपेई जांच में पुलिस ने आरोपी विमल कुमार शाह निवासी मानसरोवर कॉलोनी जयपुर राजस्थान को दोषी पाया था

# रेलवे की संपत्ति चुराने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 सितम्बर।** रेलवे सुरक्षा बल ने एक्सचेंज यार्ड भिलाई में छापामार कार्रवाई कर एक व्यक्ति को रेलवे संपत्ति चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा भिलाई तीन टीआई आरपीएफ मनीष कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक आस्था दुबे, प्रधान आरक्षक आर. के. देवांगन एवं आरक्षक विपिन कुमार संयुक्त रूप से गश्त पर थे। इस दौरान यार्ड क्षेत्र (मेन लाइन किलोमीटर अप लाइन) पर एक व्यक्ति को अपने कंधों पर 2 नग ऑपरेटिंग हैंडल/कपलर रॉड (01 नग लगभग 4 किलो तथा 1 नग टूटा हुआ लगभग 02 किलो) ले जाते देखा गया संदेहास्पद स्थिति में उसे पकड़ा गया पूछताछ में आरोपी ने अपना



नाम रमेश कुमार निर्मलकर (55 साल) निवासी बजरंगपारा बताया उसके पास से जब्त संपत्ति के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उसने चोरी कर बेचने और प्राप्त धनराशि को नशे आदि में खर्च करने की बात स्वीकार की मौके पर संपत्ति को जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

### जुआ खेलते आरोपी पकड़ाए

**भिलाई, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नंदिनी थाना क्षेत्र के मीना बाजार में लूडो से जुआं खिलाते जुआरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हुआ नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि दुर्गा उत्सव आयोजन स्थल पर लूडो में हुआ खेलते गोडखामी थाना लोरमी जिला मुंगेली निवासी संजय खूटे को गिरफ्तार किया है आरोपी से नगद एक हजार पांच से मिला है घटना नंदिनी थाने पुलिस मुखबिर सूचना दिया था कि लाल मैदान अहिवारा के पास मीना बाजार में लुक छिप कर एक व्यक्ति लूडो से अंकों के सामने रूपये पैसो का दाव लगाकर जुआं खिला रहा है घेराबंदी कर मौके पर आरोपियों को पकड़ा गया बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बैंकों की बड़ी भूमिका

# कलेक्टर और सीईओ ने किया बैंक कर्मियों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से कबीरधाम जिले में महिला स्व सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। बिहान योजना के माध्यम से महिलाएँ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं और भारत सरकार की लखपति दीदी बनने का सपना भी साकार होने की दिशा में है।

इसी कड़ी में स्व सहायता समूहों को ऋण एवं अन्य बैंकिंग सुविधा प्रदान करने वाले बैंकों का आज सम्मान किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंकर्स को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया। बैकर्स की बैठक के बताया गया कि महिलाओं के स्व सहायता समूहों का गठन कर उन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न बैको से इस प्रकार महिला स्वसहायता समूह को राज्य की नीति एवं योजनाओं के तहत ऋण प्रदान किया गया।। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, राजानवागांव शाखा द्वाराभौतिक लक्ष्य 72 के विरुद्ध 46 प्रकरण स्वीकृत करते हुए वित्तीय लक्ष्य 172.50 लाख के विरुद्ध 127 लाख रूपए का ऋण वितरण किया



गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कुकदुर शाखा ने भौतिक लक्ष्य 90 के विरुद्ध 53 प्रकरण स्वीकृत कर 49 स्व सहायता समूहों को 1 करोड़ 16 लाख रूपए वितरित किए। इंडियन ओवरसीज बैंक, कवर्धा ने भौतिक लक्ष्य 52 के विरुद्ध 51 प्रकरण स्वीकृत कर 39 समूहों को 33 लाख रूपए का ऋण प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक, सहसपुर लोहारा ने भौतिक लक्ष्य 120 के विरुद्ध 34 प्रकरण स्वीकृत कर 34 समूहों को कुल 86 लाख रूपए का ऋण दिया। भारतीय स्टेट बैंक, बिरकोना शाखा ने भौतिक लक्ष्य 120 के विरुद्ध 39 प्रकरण स्वीकृत कर 36 समूहों को 91 लाख रूपए का ऋण वितरित किया। इस प्रकार जिले के स्व सहायता समूहों को कुल 4 करोड़ 53 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया, जिससे ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि बिहान योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। बैंकिंग सहयोग केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने का माध्यम है। बैंकों ने जिस गंभीरता और जिम्मेदारी से ऋण वितरण किया है, वह प्रशंसनीय है।

# जामुल में 20 लाख की लागत से ट्यूबलर पोल लगाने का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 28 सितम्बर।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में 20 लाख रुपये की लागत से ट्यूबलर पोल लगाने के कार्य का भूमि पूजन रविवार को किया गया। यह कार्य नहर पुलिया से राजीव नगर नहर रोड तक किया जाएगा। इस परियोजना के लिए राशि की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने प्रदान की थी। क्षेत्रीय जनता एवं श्रमिकों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने ट्यूबलर पोल लगाने की अनुशंसा की थी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर एवं समस्त पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण सबीहा करीम खान, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामदुलार साहू, के. राजू



सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, उप अभियंता सचिन भागवत, विशिष्ट अतिथि प्रशांत गुप्ता, जोगेश्वर सोनी, ओम प्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन, सुभाष पंचाल, जितेन्द्र साहू, उमेन्द वर्मा, लेखराम साहू, विशेश्वर वर्मा, करीम खान, सोनू यादव सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद रहे।

एक नजर

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 29 से वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त 2025 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 29 सितम्बर 2025 से 14 नवम्बर 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 29 सितम्बर को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 एवं महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिए लोधी भवन में, 30 सितम्बर को पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पार्षद कार्यालय पुराना ढाबा में एवं 3 अक्टूबर को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिए मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किये जायेगें। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक उपस्थित होकर माह जून से अगस्त 2025 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## डीएमएफ मद एवं जेम पोर्टल की खरीदी में भ्रष्टाचार की जांच हो : कांग्रेस



**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** छ ग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जेम पोर्टल को माध्यम बनाकर सुनियोजित खरीदी में भ्रष्टाचार भाजपा राज में आम हो गया है। स्थानीय व्यापारी उद्यमियों, महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति के विक्रेताओं का गला काट कर भाजपा नेता चांदी काट रहे हैं। जिले में डीएमएफ फंड से जिम सामग्री क्रय करने की कार्य योजना को सप्लाई के पहले ही भाजपाई ग्रहण लग चुका है जिसके चलते कुल राशि को टुकड़ों में कर बंदरबांट कर लिया गया है । जिम सामग्री के नाम पर घटिया और अनुपयोगी सामग्री सप्लाई जग जाहिर है जेम पोर्टल की खरीदी में भारी अनियमित जग जाहिर है। कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जेम पोर्टल से खरीदी में स्थानीय या कंपनी दर से चार गुना अधिक दर पर व्यक्ति विशेष से खरीदी किया जा रहा कुछ दिन पूर्व हॉस्टलों में जो सामग्री क्रय कर सप्लाई की गई है वह निम्न स्तर की होने के साथ महंगे होने के कारण शासकीय कोष में डाका डालने जैसा कृत्य है। जेम पोर्टल में अब तक जो खरीदी हुई है या सप्लाई हुई है इसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। दुबे ने कहा कि जैम पोर्टल की खरीदी पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए, लेकिन छ ग में भाजपा सरकार ने जैम पोर्टल को भ्रष्टाचार का पोर्टल बना कर अवैध कमाई का जरिया बन गया। राजनांदगांव जिले में कमीशन खोरी के लिए डीएमएफ फंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। क्योंकि ना कोई कार्य योजना, ना विभाग का ठिकाना,ना ही क्रय सामग्री की संख्या दर आमंत्रित की जा रही है, ना क्रय का माध्यम को सार्वजनिक किया जा रहा है जो सुनियोजित साजिश का खेल है।

## साइकिल चोर 24 घंटे में गिरफ्तार

**राजनादगांव, 28 सितंबर।** दिनांक 26.09.2025 को प्रार्थी मीनाल साहू पिता दुष्यंत कुमार साहू उम्र 17 वर्ष साकिन प्रिंसेस कॉलोनी क्वार्टर नं. 21 ममता नगर वार्ड नं. 18 राजनांदगांव का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका अल्फा कंपनी की बाम्बे मॉडल गेयर वाली सायकल किमती 10,000 रूपये को इसका छोटा भाई चलाता है, जिसे रोजाना की तरह अपने घर के सामने खड़ी किया था, लॉक नहीं किया था, कि दिनांक 24.09.2025 को करीब 11:48 बजे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप0क्र0 574/25 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। फुटेज में मिले क्लु के आधार पर संदेही को मुखबीर के सूचना पर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता चुरेन्द्र टेमरे उर्फ सोनू पिता स्व0 लेखू राम टेमरे उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम शिकारी महका थाना छुरिया जिला राजनांदगांव हाल रिसाली सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग बताया। पूछताछ पर प्रार्थी के सायकल सहित अन्य स्थानों से 03 सायकलों को चोरी करना स्वीकार किया।

# ब्रह्माकुमारीज तिल्दा में चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा, 28 सितंबर।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तिल्दा के लोकप्रिय भाजपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल उपस्थित रहे। झांकी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मोमबत्ती जलाकर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस विशेष आयोजन का प्रमुख आकर्षण जीवंत प्रतिमाएँ हैं, जहाँ वास्तविक रूप से ध्यानमग्न कन्याएँ विभिन्न देवियों के स्वरूप में विराजमान हैं। भक्तिभाव से सजे इन दृश्यों ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया और लोगों को ऐसा अनुभव हुआ मानो वे प्रत्यक्ष देवी रूप का दर्शन कर रहे हों।

झांकी के साथ-साथ यहाँ एक विविधतापूर्ण प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें मानवीय जीवन के मूल्यों, हृदय रोगों से बचाव, स्वस्थ खानपान की आदतें, विज्ञान और अध्यात्म के गहरे संबंध तथा ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का विस्तृत चित्रण किया गया है। प्रदर्शनी को देखकर लोगों ने कहा कि यह सिर्फ दर्शनीय नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणा का स्रोत है। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा शाखा की प्रभारी बीके प्रियंका बहन ने उपस्थित सभी जनों को संबोधित करते हुए आध्यात्मिकता और प्रदर्शनी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि सिर्फ देवी पूजन का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशक्ति जागरण का अवसर है। देवी के नौ रूप वास्तव में हमारे भीतर छिपी नौ शक्तियों का प्रतीक हैं, जिन्हें साधना और राजयोग के अभ्यास से जाग्रत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आज के तनावपूर्ण वातावरण में अध्यात्म और ध्यान ही जीवन को संतुलित, तनावमुक्त और आत्मविश्वासी बनाने का सर्वोत्तम उपाय है।

इस झांकी का आयोजन 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 10:00 बजे तक किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इस अनोखी झांकी का अवलोकन करने आ रहे हैं और इसके नवीन एवं जीवंत स्वरूप की सराहना कर रहे हैं। आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बीके प्रियंका बहन ने बताया कि झांकी समापन के बाद 3 अक्टूबर से ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा केंद्र में निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर प्रारंभ होगा। यह शिविर तनावमुक्त एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण जीवन शैली के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। शिविर की समय-सारणी सुबह 8:00 से 9:00 बजे, सुबह 9:00 से 10:00 बजे तथा सायं 5:30 से 6:30 बजे तक निर्धारित की गई है।

## पुलिस ने अज्ञात विक्षिप्त का विधिविधान के साथ कराया अंतिम संस्कार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पलारी, 28 सितंबर।** थाना पलारी में पदस्थ सहायक आरक्षक राजेंद्र ठाकुर एवं आरक्षक कृष्णा यादव द्वारा मानवता का परिचय देते हुए एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का संपूर्ण विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। कल दिनांक 26.09.2025 को ग्राम कोदवा में सड़क दुर्घटना में उक्त अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का देहांत हो गया था जिसका शव पंचनामा करवाई पश्चात पोस्टमार्टम प्रक्रिया के लिए पलारी नगर लाया गया। मृतक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति के किसी प्रकार से वारिशान उपस्थित नहीं होने से आरक्षक राजेंद्र ठाकुर एवं आरक्षक कृष्णा यादव द्वारा उक्त अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात दिनांक 27.09.2025 को दोनों पुलिस स्टाफ के द्वारा सम्मान पूर्वक मृतक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का अंतिम संस्कार कर कफन-दफन किया गया।

## स्व. शांताराम जी सराफ को दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा नेवरा, 28 सितंबर।** श्री राम सेवा समिति एवं लोकतंत्र प्रहरी के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के छत्तीसगढ़ के प्रथम प्रांत प्रचारक लोकतंत्र सेनानी स्व शांताराम जी सराफ जी की श्रद्धांजलि सभा बी एन बी हाल नेवरा में आज सम्पन्न हुई। इस में जिला संघ चालक देवेंद्र सिंह ठाकुर विभाग के बलराम यदु जी नगर संघ चालक गोपाल वर्मा बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र कला वर्मा राम पंजवानी नरेंद्र शर्मा एस के पांडे सेवानिवृत प्राचार्य बैकुंठ सौरभ जैन मनोज निषाद रानी जैन अनुराधा वर्मा नंदनी खींचरिया अनीता सक्सेना रुक मणि वर्मा तोरण निषाद मनीष शर्मा हीरा लाल वर्मा राम चरण देवांगन अमरजीत पासवान डेमन वर्मा सहित नगर के गण मान्य नागरिक युवा वर्ग सहित अनेक लोग उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ चालक गोपाल वर्मा बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल राम पंजवानी पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा पार्षद रानी सौरभ जैन ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने स्व शांताराम जी को याद कर अपने अपने अनुभव बताया और सभी ने उनके बताए गए मार्ग पर राष्ट्र सेवा का आवाह्न किया।

## मियांवाकी योजना : महापौर की अगुवाई में पंडरी एक्सप्रेस-वे मार्ग के बाजू में किया सघन पौधरोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 28 सितंबर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के निर्धारित स्थानों पर राजधानी शहर रायपुर को हरित स्मार्ट सिटी बनाने सघन पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है. पौधरोपण अभियान में रायपुर शहर को हरीतिमायुक्त बनाने यंग इंडियन ग्रुप के युवा जुड़ गए हैं. आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अगुवाई में मियांवाकी योजना अंतर्गत रायपुर नगर निगम पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर के पंडरी एक्सप्रेस वे मार्ग के बाजू में नगर निगम पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष श्री भोलाराम साहू की विशेष उपस्थिति सहित निगम उपायुक्त उद्यान श्री जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता उद्यान श्री गजाराम कँवर की उपस्थिति में एक्सप्रेस वे मार्ग पंडरी के बाजू में लगभग 500 मीटर क्षेत्र में सघन पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष श्री भोलाराम साहू सहित यंग इंडियन ग्रुप के युवाओं के साथ सीताफल, अमरुद, कटहल, गुलमोहर एवं अन्य विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर किया गया. वहाँ एक्सप्रेस वे मार्ग पंडरी के बाजू में लगभग 500 मीटर क्षेत्र में विविध प्रजातियों के लगभग 1500 पौधे व्यवस्थित तौर पर रोपित किये जायेंगे. साथ ही लगाए गए प्रत्येक पौधे की वृक्ष बनते तक सुरक्षा और देखभाल मियांवाकी योजना के मानकों के अनुसार समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से रायपुर को हरित राजधानी शहर बनाने की जाएगी.

## 'स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान' में रायपुर बना बीरगांव का मेंटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 28 सितंबर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को राष्ट्रीय स्तर पर 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पहल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा शुभारंभ किया। इस पहल के अंतर्गत रायपुर और बीरगांव की जोड़ी बनी है। रायपुर नगर निगम अब बीरगांव नगर निगम का स्वच्छता के क्षेत्र में मेंटर (मार्गदर्शक) बना है और बीरगांव मेंटी बना है। इस संबंध में दोनों निगमों के मध्य दोनों निगमों के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के समय निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर रायपुर निगम मुख्यालय में हस्ताक्षर भी हुए हैं। रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, आयुक्त श्री विश्वदीप, बीरगांव महापौर श्री नन्दलाल देवांगन और कमिश्नर श्री युगल किशोर उर्वशा ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर साझा किया। यह हस्ताक्षरित एमओयू 3 अक्टूबर तक केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके बाद यथास्थिति की रिपोर्ट और एक्शन प्लान बनाकर 10 अक्टूबर तक इसी पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इस प्लान के क्रियान्वयन के लिए 100 दिनों का लक्ष्य दिया गया है। दर्शनीय स्वच्छता, कचरा पृथक्कीकरण एवं परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण, सफाई तक पहुंच, उपयोगित जल प्रबंधन, सैप्टिक टैंक सफाई का मशीनीकरण, स्वच्छता जागरूकता और नागरिक प्रतिक्रिया एवं शिकायत निवारण - इन 8 बिन्दुओं को शामिल किया गया है। इसके आधार पर स्वच्छ शहर जोड़ी के मेंटर और मेंटी शहर के प्रदर्शन के औसत के आधार पर आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में दोनों का आंकलन किया जाएगा।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने इस पहल के बारे में कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ शहरों के निर्माण में ऐसे अभियान निश्चित ही जनभागीदारी को नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता व स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अधिकारी श्री रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी व सहायक अभियंता श्री योगेश कडु और बीरगांव के कार्यपालन अभियंता व स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अधिकारी श्री धन्नूलाल देवांगन भी उपस्थित रहे।

## शिविर में पेंशनरों की समस्याओं का समाधान कर,दिव्यागों को बांट उपकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 28 सितम्बर।** रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद पंचायत कसडोल में शनिवार को पेंशन समाधान एवं सामाग्री वितरण शिविर आयोजित किया किया गया। कार्यक्रम में विशेष मुख्य अतिथि के रूप में शसुदीप दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा पेंशन योजना के हितग्राहीयों से पेंशन वितरण में आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई तथा आ रही समस्याओ का निराकरण तत्काल करने के निर्देश दिये गये। शिविर में 5 दिव्यांगजनो को ट्रायसायकल, 3 वृद्धजनों को छड़ी एवं 1 दिव्यांग को श्रवण यंत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, जनपद सीईओ कमलेश कुमार साहू अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्पेन्द्र ध्रुव, समाज शिक्षा संगठक, करारोपण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गांधी स्मृति स्थल को सुंदर बनाने प्रशासन उद्यान बनाकर हाईमास्ट लाइट लगाएगा

**बलौदाबाजार, 28 सितम्बर।** पुराने कृषि उपज मण्डी परिसर स्थित महात्मा गांधी स्मृति स्थल को सहेजने जिला प्रशासन द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी एवं नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने शनिवार को गांधी स्मृति स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गांधी स्मृति स्थल को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने सौन्दर्यीकरण के साथ ही महात्मा गांधी के आगमन एवं सन्देश का शिलालेख लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्मृति स्थल में स्थित कुआं की साफ-सफाई के साथ ही सीढी, रेलिंग, एवं ग्रेनाइट लगाने, परिसर में गार्डन विकसित करने, सभी पेड़ों में चबूतरे बनवाने, मुख्य प्रवेश द्वार में नया दरवाजा एवं दोनों किनारे लाइट लगवाने तथा परिसर में हाई मास्ट लाइट लगाने के भी निर्देश दिये। स्वच्छता ही सेवा पखावड़ा अंतर्गत आज सुबह से ही नगर पालिका की टीम नगरपलिका अध्यक्ष, पार्षद एवं अधिकरियों की उपस्थिति में गांधी स्मृति स्थल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर की सफाई,पेड़ की शाखाओं की छंटाई एवं कुआं की भी साफ सफाई किया गया। ज्ञातव्य है कि महात्मा गांधी 26 नवंबर 1933 को छत्तीसगढ़ की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान बलौदाबाजार पहुंचे थे। यहां उन्होंने पुरानी मंडी प्रांगण में जनसभा को संबोधित किया और दलित

## गलत आदतों को समय रहते छोड़ना ही समझदारी : मनीष सागर महाराज



**रायपुर, 28 सितंबर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में चातुर्मासिक प्रवचनमाला का क्रम जारी है। शनिवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने धर्मसभा में गलत आदतों का त्याग करने की सीख दी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि गलत आदतों को समय के साथ छोड़ना चाहिए। परिपक्वता के साथ गलत आदतों को छोड़ना समझदार व्यक्ति की निशानी है। बुरी आदतें समझ में आते जाएं तो उसे छोड़ने जाएं। बुरी आदतें एक साथ नहीं छोड़ सकते। जितना आप सुधर सकते हैं खुद को सुधारते जाएं। ज्ञान के साथ संकल्प होगा तो मन विचलित नहीं होगा। धीरे-धीरे मन मजबूत होगा और गलत आदतें छूटती जाएगी।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हिंसा, झूठ, चोरी, अपरिग्रह और अब्रह्मचर्य इन पांच पापों का त्याग करते जाएं। पूर्ण त्याग नहीं कर सकते तो कम से कम अनावश्यक ना हो यह प्रायस रहे। जीवन में हिंसा से बचो। जिसके बिना जीवन है कम से कम उन हिंसा का त्याग करो। झूठ से बचो। कम से काम सामान्य स्थिति में झूठ मत बोलो। प्रमाणिकता के साथ जीवन जीना है। जीवन में चोरी से बचो। विवाहित हो तो स्व स्त्री व स्व पुरुष में गमन कर ब्रह्मचर्य का पालन करो। धीरे-धीरे शील व्रत की ओर आओ। परिग्रह में भी धन,धान्य, जमीन आदि जीवन में जितनी आवश्यक हो उतनी सीमा रखो। जरूरत से ज्यादा वस्तुओं के संग्रह का राग मत रखो।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन जीना एक कला है। जीवन भर आत्म आनंद में रहना चाहिए। मरने के पूर्व भी आनंद आना चाहिए। जीवन भर ज्यादा बसा लिया है तो धीरे-धीरे समेटते जाओ। नहीं तो मति के साथ गति भी अच्छी नहीं होगी।

# स्वच्छता दीदीयां घर में ही सूखा एवं गीला कचरा अलग करने लोगों को कर रही जागरूक

**एकलव्य विद्यालय एवं आई.टी.आई. पेण्ड्री के विद्यार्थियों को घर पर ही कचरा पृथककरण करने का दिया प्रशिक्षण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत साफ सफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में कचरा पृथककरण करने व स्वच्छता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है। उनके द्वारा समझाईस दी जा रही है कि हरा गीला एवं सुखा नीला डिस्टबिन में रखने शहरवासियों को आदत डालनी पडेंगी। इससे एक तरह से जहॉ शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन होगा। वही वेस्ट से वेल्थ की ओर बढने पर निगम की आय में वृद्धि होगी।

रजत जयंती महोत्सव एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 अंतर्गत नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में स्वच्छता दीदीया व एसएलआरएम सेन्टर के सुपरवाईजर सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग रखने, व्यवहार में परिवर्तन लाने अभियान चला रहे है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा हरा एवं नीला डस्टबिन में क्या क्या कचरा रखना है, इसकी जानकारी देने के साथ साथ घर में ही कचरे का पृथककरण करने जानकारी दे रहे है। इसी कडी में कचरा पृथकीकरण मुहिम अंतर्गत स्वच्छता दीदीयो ने शहर के एकलव्य विद्यालय एवं आई.टी.आई. पेण्ड्री के विद्यार्थियों को घर में ही कचरा पृथककरण कर देने एवं गीला कचरा से कम्पोस्ट खाद बनाने प्रशिक्षण दिया गया और अपने घर के अलावा आस पास के लोगो को भी प्रेरित करने समझाईस दी गयी।

महापौर श्री यादव एवं निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव थीम पर कचरा पृथककरण एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, निगम का मूल उद्देश्य स्वच्छता एवं कचरा पृथककरण से लोगो को जोडना है। ताकि हमारे शहर में स्वच्छ एवं साफ वातावरण निर्मित हो सके। हमारी स्वच्छता दीदीयां प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर एस.एल.आर.एम. सेन्टर में कचरा पृथककरण करते है। उन्होने कहा कि, इस अभियान का मूल उद्देश्य स्त्रोत पर कचरे का पृथककरण करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान बिना जनभागीदारी के सफल नही होगा। इसमें शहर के सभी नागरिकों को जुडना है, तभी हम स्वच्छता में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल, पानी पाउच आदि का उपयोग नहीं कर पर्यावरण संरक्षण के लिये सहयोग करने नागरिकों से अपील की है।

## लोक कल्याण मेला में वेंडरों को कर्ज की जानकारी दी

**प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना**



**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** रजत जयंती महोत्सव के तहत पी.एम. स्वनिधि योजना अंतर्गत अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को निजी व्यवसाय हेतु बैंको के माध्यम से व्यक्तिगत ऋण दिलाने गत दिवस नगर निगम टॉउन हाल में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तथा निगम पदाधिकारियो की उपस्थिति में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। लोक कल्याण मेला में उपस्थित वेंडर्स को जिले के लीड बैंक मेनेजर श्री मुनीस शर्मा द्वारा निजी व्यवसाय हेतु प्रधानमंत्री स्वनिधि अंतर्गत ऋण देने एवं उसके लाभ के संबंध में जानकारी दी गयी। उन्होंने बैंको के स्वीकृत/वितरण हेतु लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण/निपटान कराने तथा उपस्थित स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा बताये गये समस्या का बैंको से त्वरित निराकरण कराने का आश्वासन दिया। लोक कल्याण मेला में लगभग 300 की तदात में उपस्थित वेडर्स को जानकारी के पश्चात च्वाईस सेन्टर के लोगो द्वारा उपस्थित वेडर्स में से लगभग 20-25 लोगो ने ऑनलाईन आवेदन किया व फोन पे-पेटीएम अंतर्गत यू.पी.आई. के माध्यम से डिजीटल भुगतान को बढावा देने प्रोत्साहित किया गया। मेला में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने वेडर्स को संबोधित करते हुए कहा कि लोक कल्याण मेला का उद्देश्य स्ट्रीट वेडर्स को बैंको में स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणो का ऋण वितरण कराना, बैक द्वारा वापस किये गये 'रिटर्न बाय बैक' श्रेणी के त्वरित निराकरण/निपटान करना, स्ट्रीट वेंडर्स को दिए गये ऋण उपरांत प्रोफाईलिंग आदि कार्य कराना है। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रावधानों के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को विभिन्न बैकों के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण निजी व्यवसाय के लिये दिया जायेगा।

## संपादकीय

### सम्मान भी और पैसा भी

देश के महिलाओं की देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका है, वह आधी आबादी है, उनके महत्व को कोई नकार नहीं सकता। सब चाहते हैं कि महिलाओं का वोट चुनाव में उनको मिले लेकिन महिलाएं अपना वोट उनको देती हैं जो उनके लिए काम करता है, जो उनका दिल से सम्मान करता है। किसी राज्य में चुनाव होता है तो सारे राजनीतिक दल महिलाओं को यह बताने का प्रयास करते हैं कि वह महिलाओं का दिल से सम्मान करते हैं, वह महिलाओं को हर तरह से मजबूत करना चाहते हैं। बिहार में चुनाव नवंबर में होना है, इसके लिए सारे राजनीतिक दल मैदान में हैं, उन्होंने अपनी घोषणाएं करनी शुरू कर दी है कि वह सत्ता में आएंगे तो बिहार के लिए क्या करेंगे, महिलाओं के लिए क्या करेंगे। हर वर्ग के लिए क्या करेंगे। अन्य राज्यों के चुनाव की तरह बिहार चुनाव में सारे राजनीतिक दल महिलाओं के लिए विशेष घोषणाएं कर रहे हैं। इससे साफ है कि सभी राजनीतिक दल मान कर चल रहे हैं कि पिछली बार की तरह इस बार भी बिहार चुनाव में जीतेगा वही राजनीतिक दल जिसे महिलाओं का ज्यादा वोट मिलेगा। यही वजह है कि कोई राजनीतिक दल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए 2500 रुपए महीना देने की घोणणा की है तो कोई पोस्टर लगा बिहार के लोगों को बता रहा है कि वह सत्ता में आए तो राज्य के लोगों को 28 लाख रुपए का फायदा होगा। नीतीश सरकार ने महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया है और राज्य की 75 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए दे भी दिए हैं। इस योजना का मकसद महिलाओं को स्वरोजगार और आजीविका का अवसर देकर सशक्त बनाना है। इससे साफ है कि चुनाव के पहले बिहार सरकार ने राज्य की ज्यादातर महिलाओं को योजना का लाभ 10-10 हजार रुपए दे दिया है। चुनाव में अक्सर फायदा उठाने का मौका सत्तारूढ़ दल को रहता है। मप्र,महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दल इसी तरह सत्ता में रहने का फायदा उठाकर चुनाव जीत चुका है, पीएम मोदी व नीतीश कुमार महिलाओं में लोकप्रिय भी बहुत हैं इसलिए बिहार में भी ऐसा ही होने की आशा की जा रही है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप लोगों का भरोसा जीतने में कामयाब रहेंगे। आपके मन में काम को लेकर नए विचार आएंगे, जो आपके बॉस को भी खूब पसंद आएंगे, लेकिन आपके बिजनेस की कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। परिवार में किसी सदस्य को पढ़ाई को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**वृषभ** आज आपको बिजनेस की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी की आपसे किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है, जिसके कारण वह आपसे नाराज रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपको अपनी आय और व्यय को संतुलन बनाकर चलना होगा। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु भेट स्वरूप प्राप्त हो सकती है।

**मिथुन** आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपको अपने जरूरी कामों की सूची बनाकर चलना होगा। व्यवसाय की योजनाएं आप थोड़ा सोच समझकर बनाएं। पार्टनरशिप में आपको एक साथ काम करने से बचना होगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने शत्रुओं से सावधान रहना होगा। आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं। पार्टनरशिप में आप कोई काम थोड़ा सोच समझकर करें। आप अपने कर्जो को भी उतारने की कोशिश करेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। रचनात्मक कार्यो में आपका काफी रुचि रहेगी, जो लोग विदेशों में व्यापार करते हैं, उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपने धन यदि किसी योजना में लगाया था, तो उसमें आपको कोई जोखिम उठाना पड़ेगा। आज आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोलें। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आज आप अपना धन का कुछ हिस्सा बचत की योजना में लगाएंगे। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप यदि किसी बात को लेकर बेवजह लड़ाई झगड़े में न पड़ें, तो इससे आपका भी कोई भारी नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई आपके ऊपर झूठा आरोप लगा सकता है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए धन-धान्यों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज आपका रुका हुआ धन मिलने से खुशी होगी। आप किसी नए मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने में आप थोड़ा सावधानी बरते हैं, क्योंकि कोई लड़ाई-झगड़ा उत्पन्न हो सकता है। आपके पिताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आप परेशान रहेंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**तुला** आज आपकी इनकम बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा और भाग्य का भी आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति की भी प्राप्ति हो सकती हैं। आपके घर का कोई काम यदि अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है और आपको व्यवसाय में भी मन मुताबिक लाभ मिलेगा। नौकरी को लेकर यदि आप परेशान थे, तो उसमें आपको कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी से रूपए पैसे से संबंधित निर्णय बहुत ही समझदारी से करें। कुछ पारिवारिक मामले आपको समस्या देंगे, जिनके लिए आप किसी बाहरी व्यक्ति से बातचीत ना करें। आपकी संतान को कोई पुरस्कार मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को भी आप दूर करने की कोशिश करेंगे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहने वाला है और आपकी वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी और संतान को नौकरी से संबंधित कोई बुलावा आ सकता है। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। सामाजिक आयोजनों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी कोई पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**मकर** आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखना होगा। आपकी उलझनें रहने से आप परेशान रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को जल्दबाजी में कोई काम नहीं करना है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी। आप किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपकी संतान के मनमाने व्यवहार के कारण आपको थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आपको अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलकर आप किसी बड़े काम को करने की योजना बनाएंगे, लेकिन विद्यार्थी अपने पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाएं रखना होगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाएंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने बॉस की बातों को इग्नोर करने से बचना होगा, नहीं तो आपके बेवजह के लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले और आपको किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। किसी प्रॉपर्टी को लेकर परिवार में कहासुनी होने की संभावना है। जो लोग नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, उन्हें किसी दूसरी जगह से बुलावा सकता है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। भाई बहनों से भी आपकी खूब पटेगी।

# आधुनिक जीवनशैली में हार्ट अटैक का खतरा चरम पर

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो यह चरम पर हैं, एक-दो दशक पहले तक यह समस्या केवल अमीर बुजुर्गों के हिस्से आनेवाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। देश में प्रदूषण और मिलावटखोरी ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा बढ़ाया है और मनुष्य का आलस्य, लालच, निकृष्ट दर्जे का खाना, आधुनिक जीवनशैली व मानसिक तनाव ने बीमारियों को मौत के तौर पर आमंत्रित किया हैं। देश में खुद युवा अवस्था में हृदय रोग चिकित्सक भी हृदय रोग से जान गंवाने की घटनाएं हो रही हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है "एक भी धड़कन न चूकें।" यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जाँच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता हैं।




विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें। दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंतःसंवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं। गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाडी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं।

अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैंः रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव। हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएँ और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो, तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ रोजमर्या के क्रम में शामिल करें। जीवन में आनेवाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोडासा वक्त निकालकर हसी-खुशी के पल जियें, कभी अपना बचपना भी जियें। जीवन के हर पल खुशी के साथ जियें।

# दुनिया के लिये प्रेरणा है अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना ?

**तनवीर जाफ़री**



विश्व के सिर पर सवार अमेरिकी वर्चस्व का भूत अब धीरे धीरे उतरने लगा है। ख़ासकर डोनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे शासनकाल में जैसा बर्ताव दुनिया के अनेक देशों के साथ किया है उससे भी अमेरिका की साख को काफ़ी गहरा धक्का पहुंचा है। कभी वे कनाडा को 51 वां अमेरिकी राज्य बताकर खलबली पैदा कर देते हैं तो कभी दुनिया के अनेक देशों पर मनमानी टेरिफ़ लगाकर आर्थिक संकट खड़ा करते हैं। कभी भारत और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं को 'मृत अर्थव्यवस्था ' बताकर इन देशों को अपमानित करते हैं। तो कभी वीज़ा फ़ीस असीमित कर लोगों की चिंता बढ़ा देते हैं। ग़ौर तलब है कि गत 31 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट करते हुए लिखा था कि "मुझे भारत का रूस के साथ क्या करना है, उसकी परवाह नहीं। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जा सकते हैं, मुझे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। उसी समय ट्रंप ने भारत को रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा (तेल) ख़रीदने के लिए "दंड" लगाने की भी धमकी दी थी। ट्रंप का कहना था कि चीन के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा ख़रीदार है। जबकि अमेरिका यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डाल रहा है। ट्रंप का मत था कि भारत से तेल से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। इस घटनाक्रम में एक मज़ेदार मोड़ तब आया था जब स्वयं यूक्रेन ने कह दिया था कि उसे भारत रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इसी तरह ग़ज़ा में अमेरिकी संरक्षण में जिसतरह इस्राईल जनसंहार कर रहा है दुनिया के तमाम देश,संयुक्त राष्ट्र संघ,अंतर्राष्ट्रीय अदालत सब इस्राईल ख़ासकर नेतन्याहू की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हैं। बार बार इस्राईली नीतियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास हो रहे हैं, नेतन्याहू के विरुद्ध वारंट जारी हो रहे हैं परन्तु इस्राईल का दमनचक्र जारी है और उसका परममित्र अमेरिका ख़ामोश है ? और दुनिया ने यह भी देखा कि इज़राइल ने किस तरह मध्य एशिया में अमेरिका के परम् सहयोगी देश क़तर पर हमास लीडरशिप को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किये। इतना ही नहीं बल्कि ज़रूरत पड़ने पर आगे भी क़तर पर हमले की चेतावनी दी। परन्तु अमेरिका इस कार्रवाई को भी देखता रह गया। गोया यह इज़राईल व नेतन्याहू को दी जा रही अमेरिकी सरपरस्ती का ही परिणाम है कि इस्राईल के ही दो पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक और एहुद ओल्मर्ट को यहाँ तक कहना पड़ चुका है कि 'नेतन्याहू इस्राईल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अछूत बनाने की ओर ले जा रहे हैं'। ऐसे में ईरान जैसे देश घोर अमेरिका विरोधी देश की तरफ़ नज़र डालना भी ज़रूरी है। क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से ही आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए हुये हैं।

सबसे पहले 1979 में अमेरिकी ने अपने तेहरान दूतावास में बंधक संकट के बाद पहली बार व्यापक प्रतिबंध लगाए थे जिसमें ईरानी तेल आयात पर रोक लगा दी गयी थी और ईरानी संपत्तियों को फ्रीज़ कर दिया गया था। उसके बाद 1980-90 के दशक में ईरान को आतंकवाद का समर्थक बताकर और परमाणु कार्यक्रम की आशंकाओं का बहाना बनाकर इन प्रतिबंधों को और सख़्त किया गया। इसके बाद 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिये। इसी तरह 2000 के दशक में पुनः ईरान के परमाणु कार्यक्रम की आड़ में संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने ईरान पर और नए प्रतिबंध लगा दिये । इन प्रतिबंधों का निशाना ईरान के वित्तीय संस्थान, तेल निर्यात और तकनीकी व्यापार थे। हालांकि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के वादे के बाद 2015 में संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA), यानी ईरान परमाणु समझौते के तहत, कई प्रतिबंध हटाए भी गए थे। परन्तु राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में ईरान पर ख़ासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और शिपिंग सेक्टर पर फिर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिये। ट्रंप प्रशासन ने ही 2020 और उसके बाद ईरान के परमाणु, बैलिस्टिक मिसाइल और हथियार कार्यक्रमों को रोकने के लिए नए प्रतिबंध जोड़े। यहाँ तक कि 2025 में भी, ट्रंप द्वारा ईरान के तेल व्यापार और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। अमेरिका ने इसी वर्ष ईरान के तेल व्यापार, पेट्रोकेमिकल उद्योग और परमाणु अनुसंधान पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। अभी इसी वर्ष गत मई में ही अमेरिका ने परमाणु वार्ता के बीच ही पुनः नए प्रतिबंध लगा दिये थे। इस प्रतिबंध में तीन ईरानी अधिकारियों और एक कंपनी को निशाना बनाया गया है। इसी तरह गत जुलाई में अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार से जुड़े शिपिंग नेटवर्क और हिज़बुल्लाह के वित्तीय नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाए। इसके अलावा भी ईरान से तेल या पेट्रोकेमिकल उत्पाद ख़रीदने वाली कंपनियों, जिसमें भारत की छह कंपनियां भी शामिल हैं, पर भी अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए गए। गोया अमेरिका द्वारा 1979 से ईरान की तेल, वित्त, और परमाणु गतिविधियों पर केंद्रित प्रतिबंध आजतक जारी हैं। इनमें अनेक प्रतिबंधों में संयुक्त राष्ट्र संघ,यूरोपीय संघ विशेषकर ब्रिटेन, ांस , और जर्मनी व कनाडा जैसे देश भी शामिल हैं। परन्तु लगभग 50 वर्षों से चले आ रहे इन प्रतिबंधों के बावजूद इसी ईरान ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सूत्रों के अनुसार, ईरान की प्रति व्यक्ति आय लगभग 3,900 से 4,500 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि प्रति व्यक्ति जीडीपी 20,000 डॉलर के आसपास बताई जा रही है। 2023 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इसी ईरान में साक्षरता दर लगभग 85-90% है। अर्थात यहाँ की अधिकांश आबादी पढ़ना-लिखना जानती है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में साक्षरता दर और भी अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद रक्षा क्षेत्र में ईरान कितना आत्मनिर्भर है और कितनी आत्मनिर्भरता हासिल की है। इसका 'ट्रेलर ' गत दिनों ईरान इज़राईल संक्षिप्त युद्ध में देखा जा चुका है। ईरान ने अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक और हथियारों के विकास पर ज़ोर दिया है, जिससे वह कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन गया है। ड्रोन और यूएवी प्रौद्योगिकी यानी मानव रहित हवाई वाहनों के क्षेत्र में ईरान ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। और अब तो ईरान अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। आज यही प्रतिबंधित ईरान दुनिया के उन चुनिंदा नौ देशों में भी शामिल हो चुका है जो स्वतंत्र रूप से उपग्रह बना और प्रक्षेपित कर सकते हैं। हम कह सकते हैं कि शिक्षा,वास्तविक देश प्रेम,भ्रष्टाचार से मुक्ति,तथा अमेरिका के बजाये सर्वशक्तिमान ईश्वर को महान मानने की जज़्बे ने ईरान को आदर्श देश बना दिया है। सही मायने में अमेरिका को 'गॉड ' फ़ादर मानने से इंकार करने व अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना निश्चित रूप से दुनिया के लिये प्रेरणा है ?

# नवरात्रि में नकली कुट्टू आटे का खेल ! ऐसे पहचानें और अपनी सेहत बचाएं।

आजकल बाजार में मिलावटी कुट्टू के आटा मिल रहा है, जिसके खाने से आपकी सेहत भी बिगड़ सकती है। मिलावटी कुट्टू के आटे से परेशान हैं, तो आप घर पर ही इसकी शुद्धता जांचने और व्रत के दौरान सुरक्षित रहने के 5 आसान तरीके हम आपको बताने जा रहे हैं। नवरात्रि के पर्व के दौरान बाजार में व्रत में खाएं जाने वाले चीजों में मिलावट देखने को मिलती है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि के व्रत रखने वाले कई लोग कुट्टू के आटे से बनी पूड़ियां और हलवा जैसे पारंपरिक पसंदीदा डिश फलाहार के तौर पर खाते हैं, यह काफी न्यूट्रिशन से भरपूर होता है। कुट्टू का आटा आयरन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर से भरपूर होता है। यह न केवल व्रत के दौरान कमजोरी से बचाता है, बल्कि नियमित रूप से सेवन करने पर कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। हालांकि, त्योहारों के मौसम में बढ़ती मांग के कारण, बाज़ार में मिलावटी कुट्टू का आटा भी आने लगा है। इसलिए बाजार से कुट्टू का आटा खरीदते समय इन बातों का ध्यान रखें।



**कुट्टू का आटे का रंग देखें**-शुद्ध कुट्टू का आटा आमतौर पर हल्के भूरे या स्लेटी रंग का दिखाई देता है। अगर आटा असामान्य रूप से सफेद या चमकीला दिखाई दे, तो हो सकता है कि उसमें स्टार्च या रिफाइंड गेहूं का आटा मिला हो। खरीदते समय हमेशा रंग की अच्छी तरह जांच करें।

**सूंघ कर इसकी खुशबू चैक करें**-ताजा कुट्टू के आटे में हल्की, मेवे जैसी खुशबू होती है। अगर आटे में रासायनिक गंध आ रही हो या वह बासी लग रहा हो, तो हो सकता है कि वह बासी या मिलावटी हो। अगर खुशबू अजीब लगे तो उसे खरीदने से बचें।

**टेस्ट और आटे की बनावट को देखें**-शुद्ध कुट्टू के आटे का स्वाद थोड़ा अखरोट जैसा और मिट्टी जैसा होता है। अगर इसका स्वाद ज़्यादा मीठा या फीका लगे, तो यह मिलावट का संकेत हो सकता है। इसके अलावा, आटा गूंथते समय, शुद्ध आटे की बनावट थोड़ी खुरदरी होती है। अगर आटा ज़्यादा नरम निकले, तो संभावना है कि उसमें स्टार्च या मैदा मिलाया गया हो।

**घर पर पानी से करें टेस्ट**-एक कप पानी में एक चम्मच आटा डालें और मिलाएं। शुद्ध कुट्टू का आटा पानी में तैरेगा और धीरे-धीरे फैलेगा। अगर यह जल्दी घुल जाए या अवशेष छोड़ दे, तो यह मिलावटी होने की संभावना है।

**लोकप्रिय ब्रांडों से खरीदें**-इस बात का ध्यान रखें कि, कुट्टू का आटा हमेशा विश्वसनीय ब्रांड या प्रतिष्ठित दुकानों से ही खरीदें। इसे ठंडी, सूखी जगह पर एक एयरटाइट कंटेनर में रखें। आटे को निकालने के लिए कभी भी गीले हाथों या गीले चम्मच का इस्तेमाल न करें, क्योंकि नमी इसे खराब कर सकती है।

### सू- दोकू क्र.184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## एक नजर

### पालतू जानवरों को टीका लगवाने की अपील

**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** विश्व रेबीज दिवस पर पशुपालन विभाग द्वारा 28 सितंबर को जानवरों के काटने पर रेबीज से बचने के लिए घर के पालतू कुत्ता, बिल्ली अन्य जानवरों को एंटी-रेबीज टीकाकरण करवाने की अपील की गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. प्रतिभा भोसले ने बताया कि जानवरों के काटने पर रेबीज से बचने के लिए श्वान को तीन महीने की उम्र में टीका लगवाना चाहिए, फिर बस्टर टीके, उसके बाद हर वर्ष में टीका भी लगवाना चाहिए। इसके लिए जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में समय-समय पर निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि रेबीज एक ऐसा वायरस है जो आमतौर पर जानवरों के काटने से फैलता है। इसके लक्षण दिखने में काफी समय लग जाता है और देर होने पर यह जानलेवा भी होता है। अगर समय रहते लोग इसके प्रति सचेत हो जाएं तो काफी हद तक बचा जा सकता है। प्रभारी जिला पशु चिकित्सालय डॉ. तरूण रामटेके ने बताया कि रेबीज के 97 प्रतिशत मामले संक्रमित कुत्ते के काटने के कारण होता है। संक्रमित कुत्ते के अलावा यह बीमारी बिल्ली, बंदर, नेवला, लोमड़ी, सियार सहित अन्य जंगली जानवरों के काटने या नाखून मारने से भी हो सकता है।

### कमला कालेज में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने और परिवारों को सशक्त बनाने के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल और पोषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है और महिलाओं के कल्याण को राष्ट्रीय विकास से सीधे जोड़ती है। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविरों में महिलाओं की एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की जा रही है। साथ ही टीकाकरण एवं पोषण स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही है। इसके ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शुरूआती चरण में स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करके कम करना है। उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए टीबी मरीजों को मनोसामाजिक सहायता देने की अपील की।

### अन्नपूर्णा पोषण दिवस पर महिलाओं को दिया गया जागरूकता संदेश

**अम्बिकापुर 28 सितंबर।** जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण को मजबूत करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी--सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को न केवल स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं, बल्कि उन्हें स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। आज अन्नपूर्णा पोषण दिवस का आयोजन मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर के पोषण पुनर्वास केंद्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। उन्हें स्तनपान, टीकाकरण, जच्चा-बच्चा के पोषण आहार, आयरन और कैल्शियम दवाओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. पी. एस. मार्को कहा कि स्वस्थ महिला ही आत्मनिर्भर महिला बन सकती है। यदि महिलाओं को गर्भावस्था से लेकर प्रसव उपरांत तक उचित पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं और परामर्श मिले तो वे न केवल स्वयं को सशक्त बना सकती हैं बल्कि परिवार और समाज को भी मजबूत करती हैं। महिलाओं को सलाह दी गई कि वे नियमित ANC जांच कराएं, संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता दें और सभी प्रकार के टीकाकरण व दवाओं का सेवन समय पर करें। इससे मातृ मृत्यु दर और शिशु कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर सीएचसी सीतापुर के बीएमओ डॉ. पैंकरा ने महिलाओं को संतुलित आहार, कुपोषण के दुष्परिणाम और उससे बचाव के उपाय बताए।

# आश्रम-छात्रावासों में महीने में 2 बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य

## कलेक्टर ने ली आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 28 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय बीजापुर के इन्द्रावती सभाकक्ष में आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित सभी मण्डल संयोजक, अधीक्षक-अधीक्षिकाएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। जिसमें स्वास्थ्य जांच सभी छात्रों का महीने में 2 बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया। मौसम को देखते हुए मलेरिया टेस्ट करवाने तथा संक्रमित पाए जाने पर दवाई देने और उन्हें पृथक कमरे में रखने के निर्देश दिए गए। छात्रों के स्थायी जाति, निवास प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए। स्वीकृत निर्माण कार्यों की गुणवत्तापूर्ण निगरानी अधीक्षक और मण्डल संयोजक द्वारा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सुविधाएं दवाईयां प्रत्येक आश्रम-छात्रावास में फर्स्ट -एड बॉक्स अनिवार्य रखने तथा मौसमी बीमारियों की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खेलों में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं का बस्तर ओलम्पिक में पंजीयन कराने को कहा गया। छात्रों को नाश्ता, मध्यान्ह भोजन और रात्रि भोजन में प्रोटीनयुक्त साग-सब्जियां अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने तथा प्रतिदिन भोजन की तस्वीरें नोडल अधिकारी को भेजने के निर्देश दिए गए।

नोडल अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक, अधीक्षिका की उपस्थिति अनिवार्य की गई। दशहरा व दीपावली की छुट्टियों में छात्रों को केवल माता-पिता की उपस्थिति में ही घर भेजने के निर्देश दिए गए।

सेवा पखवाड़ा आश्रम-छात्रावासों में निबंध, चित्रकला और खेल गतिविधियां अनिवार्य रूप से आयोजित कर प्रतिवेदन व फोटोग्राफकार्यालय भेजने को कहा गया। उत्कर्ष विद्यालयों में प्रवेश की तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं चलाने, सामान्य ज्ञान से संबंधित रोजाना 2 जानकारी देने तथा छोटे-छोटे क्विज प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए गए। कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देकर उन्हें प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया गया।

कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अधीक्षक-अधीक्षिकाओं को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री देवेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

# धनौरा में लोगों को ग्रामीण विलेज एक्शन की जानकारी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 28 सितम्बर।** धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान योजना के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला प्रभारी श्री वी. के. तिवारी, असिस्टेंट मैनेजर, ट्राइबल मिनिस्ट्री ऑफ अफेयर्स, नई दिल्ली ने बीजापुर के ग्राम धनौरा का दौरा किया।

इस दौरान श्री तिवारी ने ग्रामीणों के साथ चर्चा की और आदि कर्मयोगी अभियान के सभी डिजिटल डॉक्यूमेंट पर अधिकारियों के साथ कार्य किया। बीजापुर में चल रहे विकास कार्यों का दस्तावेजीकरण फोटो के माध्यम से किया गया और भविष्य में योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। दौरे के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को विलेज एक्शन प्लान के बारे में जानकारी दी और 2030 तक ग्राम धनौरा को किस रूप में विकसित देखा जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही, ग्राम में अब तक हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई।

इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए श्री वी. के. तिवारी ने पिरामल फाउंडेशन, नवगुरुकुल और बीजादूतीर जैसे एनजीओ से मुलाकात की। उन्होंने जिला बीजापुर के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे से भी विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा की और 2030 तक ग्राम के विकास की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर, ट्राइबल डिपार्टमेंट के अधिकारी श्री देवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। आने वाले समय में ग्राम विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे ग्राम धनौरा को 2030 तक एक विकसित और सशक्त ग्राम बनाया जा सके।

# भैरमगढ़ अस्पताल में आयोजित शिविर में किया10 यूनिट रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 सितंबर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला संघ बीजापुर के तत्वावधान में शासकीय धुर्वाराव माड़िया महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा 24 सितंबर को भैरमगढ़ अस्पताल में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 10 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।




शिविर का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। आयोजन को सफल बनाने में यूथ रेडक्रॉस इकाई की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. बी.आर. पुजारी, महाविद्यालय के प्राचार्य, भैरमगढ़ अस्पताल के बीएमओ, जिला संगठक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी आकाश त्रिपाठी, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और स्वास्थ्य विभाग के मुकेश पटेल मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ाःजनपद पंचायतों में शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया, सहायक उपकरण भी बांटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 सितंबर।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर बीजापुर जिले की चारों जनपद पंचायतों बीजापुर, भैरमगढ़, उसूर एवं भोपालपटनम में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविरों में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन पहुंचे, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पात्रता अनुसार उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इनमें व्हीलचेयर, छड़ी, श्रवण यंत्र और ट्राइसाइकिल जैसे उपकरण प्रमुख रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर नागरिकों का उत्साहवर्धन किया और शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं समाज के जरूरतमंद वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होंगी। इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयंसेवी संगठनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री कमलेश पटेल ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं और सहायक उपकरणों को सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना है, ताकि वे सम्मानजनक और स्वावलंबी जीवन जी सकें।



# ठेका श्रमिकों को समय पर वेतन और बोनस न मिलने से त्यौहार फिर फीका होने की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**किरंदुल, 28 सितंबर।** एनएमडीसी परियोजना में वर्षों से ढेका प्रवृत्ति में कार्यरत दैनिक मजदूरों का त्यौहार इस बार भी फीका पड़ने की आशंका है। समय पर वेतन और वार्षिक बोनस न मिलने कि आशंका से ही उनके परिवारों में मायूसी छा गई है। जहां एक ओर नियमित सरकारी नौकरी वाले अधिकारी-कर्मचारी माह के अंतिम दिन ही वेतन और बोनस की सौगात एक साथ मिल जाएगी जान कर ही उत्साहित हैं, वहीं ढेका श्रमिकों को हर बार की तरह वेतन के लिए अगले माह की 10 से 20 तारीख तक इंतजार करना पड़ रहा है। पिछले वर्ष तो दिवाली बीतने के बाद ही बोनस मिला था। श्रमिकों का आरोप है कि यूनियन और अधिकारियों की मिलीभगत से हमेशा नियमित कर्मियों को लाभ मिलता है, जबकि ढेका मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी होती है। उनका कहना है हमें सिर्फ आंदोलन और हड़ताल में दिखावे के लिए इस्तेमाल किया जाता है, फिर किनारे कर दिया जाता है। डरे-सहमे मजदूर अपनी बात खुलकर नहीं रख पाते क्योंकि उन्हें रोज़गार छिन जाने का भय बना रहता है। यही कारण है कि उनकी आवाज़ मुख्यालय या सरकार तक नहीं पहुंच पाती। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार 'खुशहाल राज्य' का सपना दिखा रही है, लेकिन ढेका मजदूरों की पीड़ा और मौलिक अधिकारों की अनदेखी इस सपने पर सवाल खड़े कर रही है। मजदूरों की मांग है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या पर संज्ञान ले और ढेका श्रमिकों को भी समय पर वेतन व बोनस की गारंटी मिले।

# नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन करने पहुंचा 7 राज्यों का प्रतिनिधिमंडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत जिले में संचालित नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन करने आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, राजस्थान एवं महाराष्ट्र कुल 7 राज्यों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल जिले के दौरे पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत अंजोरा, बरगा एवं फरहद का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत अंजोरा में प्लांटेशन कार्य, मिनी परकोलेशन टैंक, डबरी निर्माण कार्य एवं मल्टी एक्टिविटी सेंटर में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत बरगा में मिनी परकोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल, प्लांटेशन कार्य, सैंड फिल्टर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक सोख्ता गढ्डा सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत फरहद में परकोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल, नलकूप खनन एवं हैंडपंप का निरीक्षण किया गया। दल के सदस्यों ने इन सभी कार्यों को देखकर सराहना की और इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि इनसे न केवल ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन हो रहा है, बल्कि ग्रामीण समुदायों के सतत विकास एवं जीवन स्तर को भी मजबूती मिल रही है।



# कुतुलबोड़ भाठागांव में कई जगह की गई सफाई

**राजनांदगांव 28 सितम्बर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम कुतुलबोड़ भाठागांव में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाते हुए एक दिन-एक साथ-एक घण्टा श्रमदान के संकल्प के साथ ग्राम के विभिन्न स्थलों की साफ-सफाई की। कार्यक्रम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियां, सिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त गांव, पौधरोपण तथा स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला और जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने कहा कि राजनांदगांव जिले की सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छता की मिसाल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनभागीदारी से ही ग्राम को स्वच्छ रखा जा सकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव जिले को स्वच्छता में अग्रणी जिला बनाने के लिए ग्रामीणों से अपने घर एवं आस-पास नियमित साफ-सफाई की आदत बनाने, समय पर निर्धारित स्वच्छता शुल्क जमा करने तथा गांवों में स्वच्छता नवाचारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, महिला स्वसहायता समूहों एवं विद्यालयों को सम्मानित किया गया।

# तिल्दा नेवरा में दुर्गोत्सव की धूम

## राजस्व मंत्री, सांसद, मंत्री-विधायक पहुंचे श्याम भजन सुनने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 28 सितंबर।** तिल्दा नेवरा में इस वक्त नगर ही नहीं ग्रामीण अंचल में भी माता की भक्ति और जयकारों से तिल्दा नेवरा भक्ति मय बन चुका है भक्त जहां प्रतिस्पर्धा में बड़े बड़े आयोजन भोग भंडारे का आयोजन कर रहे वही देश के सुप्रसिद्ध कलाकार भजन गायकों को आमंत्रित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखे हुए है।



भक्ति के इस महा नव रात्रि पर्व में सांस्कृतिक आयोजन ऐतिहासिक हो रहे है और इन आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री सांसद सहित सब कोई भक्ति वातावरण में झूम रहे है। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गत रात्रि तिल्दा के सौरभ पार्क (गरबा ग्राउंड) में आयोजित श्याम रस कीर्तन, विशाल संगीतमय भजन कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल जी ने अपनी मधुर वाणी से बाबा श्री खाटू श्याम जी के भजन सुनाकर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सांसद बृजमोहन अग्रवाल , विधायक अनुज शर्मा , रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल जी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# किरंदुल में नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने साथियों के संग मुख्य मार्ग के गड्ढों को पाटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 28 सितंबर।** औधोगिक नगर शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर जहां भारी संख्या में श्रद्धालु दंतेवाड़ा दंतेश्वरी माता के दर्शन हेतु पैदल यात्रा करते हैं, वहीं नगर की सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढे लोगों की परेशानी का कारण बने हुए थे। स्थानीय प्रशासन एवं एनएमडीसी प्रबंधन से लगातार आग्रह के बावजूद समय पर गड्ढे नहीं भरे जा सके। पंचमी के दिन नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने आगे बढ़कर अपने साथी पार्षदों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और पत्रकारों को साथ लिया और स्वयं गड्ढों को भरने का अभियान शुरू किया। बस स्टैंड से लेकर कोडेनार नंबर 4 स्थित पेट्रोल पंप तक सड़क मरम्मत कार्य कर श्रद्धालुओं को राहत दी गई। शुरुआत भले ही एक अकेले कदम से हुई, लेकिन उस साहसिक कदम ने नगरवासियों के दिलों को छू लिया। लोग स्वयं आगे आते गए और यह पहल देखते-देखते एक जनकारवां बन गई, जिसने सामाजिक चेतना को नई दिशा दी। बबलू सिद्दीकी ने बताया- हम लगातार प्रशासन एवं एनएमडीसी प्रबंधन से अपील कर रहे थे कि नवरात्रि से पहले गड्ढे भर दिए जाएं, मगर जब कोई कदम नहीं उठाया गया तो हमने खुद जिम्मेदारी ली। आधे से अधिक गड्ढे आज भर दिए गए हैं और शेष कल तक पूरे कर दिए जाएंगे। इस कार्य में प्रमुख रूप से जोविन्स पापाचन, राजू रेड्डी, अमित टंडन, राजू कुंजाम, पत्रकार साथी किशोर रामटेके, रवि सरकार, बाल सिंह कश्यप, दिनेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे। निश्चित रूप से यह पहल नगर के लिए एक मिसाल है। जब शासन-प्रशासन लोगों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देता, तब ऐसे जनप्रतिनिधि ही जनता के सच्चे हितैषी कहलाते हैं जो समाज के लिए जोखिम उठाकर भी आगे बढ़ते हैं। नगरवासियों ने कि सराहना नगरवासियों ने उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी और उनकी टीम की इस जनसेवा की सराहना की और इसे किरंदुल की जनता के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

# कंवर समाज ने दी योगेश्वर कपूर को भावपूर्ण विदाई

## 17 साल की सेवाओं और सामाजिक योगदान को किया गया याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 28 सितंबर।** इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित एक भावपूर्ण कार्यक्रम में कंवर समाज ने योगेश्वर कपूर को विदाई दिया गया। समाज ने उनके 17 वर्षों की शासकीय सेवाओं और सामाजिक योगदान को याद करते हुए शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।



समाज के अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह पैंकरा ने कहा कि योगेश्वर कपूर का स्थानांतरण बीजापुर के लिए अपूरणीय क्षति है। संरक्षक सदस्य उत्तम सिंह पंचारी ने उनकी सेवाओं को प्रेरणादायी बताया, वहीं पदाधिकारी तारकेश्वर पैंकरा ने समाज के कार्यक्रमों में दिए गए उनके सहयोग का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में एलडी कंवर, डॉ. तरुण सिंह कंवर, भुनेश्वर सिंह कंवर, ओमप्रकाश कंवर सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर योगेश्वर कपूर ने कहा आप सबका स्नेह और सहयोग मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। यह समाज मेरे लिए परिवार है। दूर जाने पर भी रिश्ता और सामाजिक जुड़ाव हमेशा बना रहेगा।

समारोह में डोमन सिंह कंवर, पोखन दीवान, रवि कंवर, श्रेयांश पैंकरा समेत बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# नागरिक अधिकारों का संरक्षक व न्याय का सजग प्रहरी है हाई कोर्ट : राज्यपाल

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रजत जयंती समारोह
- इन्फ्रास्ट्रक्चर और संसाधनों की उपलब्धता के साथ समय पर न्याय उपलब्ध कराने राज्य सरकार कटिबद्धः मुख्यमंत्री साय
- आमजनों का विश्वास प्राप्त करना न्यायपालिका का सर्वोत्तम उद्देश्यः न्यायाधीश माहेश्वरी



**रायपुर, 28 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की स्थापना का रजत जयंती समारोह' का आयोजन महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधि मंत्री गजेन्द्र यादव, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में रजत जयंती समारोह पर केंद्रित स्मारिका का विमोचन भी किया।

मुख्य अतिथि राज्यपाल डेका ने कहा कि इस गौरवशाली अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजत जयंती समारोह में आप सभी को संबोधित करना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और गर्व का विषय है। 1 नवम्बर 2000 को जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई, तब शासन के साथ-साथ न्याय के क्षेत्र में भी एक नई शुरुआत हुई। इस राज्य के जन्म के साथ ही इस महान संस्था छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना हुई। तभी से यह न्यायालय संविधान का व्याख्याकार, नागरिक अधिकारों का संरक्षक और न्याय का प्रहरी बनकर खड़ा है। राज्यपाल रमेन डेका ने लोक अदालत के अंतर्गत लंबित मामलों के हो रहे त्वरित निराकरण के लिए, न्यायपालिका की सराहना की। उन्होंने न्यायपालिका में नैतिकता, सुदृढ़ीकरण और न्यायपालिका के लंबित मामलों को कम कर आम जनों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि न्याय केवल सामर्थ्यवान लोगों के लिए ही उपलब्ध नहीं हो बल्कि गांव गरीब एवं आमजनों के लिए भी सर्व सुलभ न्याय उपलब्ध हो तभी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका सार्थक बनेगी।

राज्यपाल डेका ने कहा कि हम उन दूरदर्शी व्यक्तित्वों और संस्थापकों को कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हैं, जिन्होंने इस न्यायालय की नींव रखी। प्रथम मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति डब्ल्यू.ए. शिशक और उनके उत्तराधिकारियों ने इस नवगठित न्यायालय को गरिमा, विश्वसनीयता और सशक्त न्यायिक परंपरा प्रदान की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और संसाधनों की उपलब्धता के साथ ही हम किसी भी हालत में समय पर न्याय उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध हैं। इसी क्रम में हमने वर्ष 2023-24 की तुलना में विधि एवं विधायी विभाग के बजट में पिछले साल 25 प्रतिशत और इस वर्ष 29 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि इस पीठ के न्यायाधीश जस्टिस ए.एम. खानविलकर, जस्टिस नवीन सिन्हा, जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस भूपेश गुप्ता और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा जैसे न्यायाधीश देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुँचे। न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वर्चुअल कोर्ट और लाइव स्ट्रीमिंग जैसे डिजिटल नवाचारों को बढ़ावा दिया है। साथ ही डिजिटल रिकॉर्ड रूम, आधार आधारित सर्च और न्यायिक प्रशिक्षण के नए माड्यूल भी अपनाये जा रहे हैं। अपने 25 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ऐसे उल्लेखनीय फैसले दिये हैं जो देश भर में नजीर के रूप में प्रस्तुत किये जाते हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की स्थापना के बाद छत्तीसगढ़ के युवाओं में लॉ प्रोफ़ेशन की ओर भी रुझान बढ़ा है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय ने करूर में हुई दुखद घटना पर शोक संवेदना व्यक्त की

**रायपुर, 28 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तमिलनाडु के करूर में राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट करता हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दे। मुख्यमंत्री साय ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरे देश की संवेदनाएँ प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

### गंगरेल का जलस्तर बढ़ा, महानदी किनारे के ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

**महासमुंद 28 सितम्बर।** रविशंकर सागर बांध (गंगरेल) का जलभराव स्तर लगातार वर्षा के कारण तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार रात 8 बजे की स्थिति में बांध का जलभराव 94.82 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें 17,356 क्यूसेक पानी की आवक रही। इस दौरान सिंचाई हेतु 3,700 क्यूसेक एवं महानदी नदी में 4,026 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। ज्ञात है कि शनिवार सुबह 11 बजे तक बांध का जलभराव 94 प्रतिशत हो चुका था। बांध के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार वर्षा के चलते लगभग 15,000 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज हुई है। मौसम की स्थिति को देखते हुए पानी की आवक 25,000 क्यूसेक तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में जलस्तर नियंत्रित करने हेतु बांध से प्रति घंटे लगभग 4,000 क्यूसेक पानी महानदी नदी में छोड़े जाने की संभावना व्यक्त की गई थी। महासमुंद जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अजय खरे ने जानकारी दी कि महानदी नदी के किनारे बसे ग्रामवासियों को सतर्क किया जा रहा है। साथ ही, उच्च अधिकारियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचित कर दिया गया है, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने नदी किनारे बसे गांवों को सतर्क रहने की अपील की है।

### प्रदेश में अब तक 1126.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**रायपुर, 28 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 1126.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1549.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 519.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 1021.8 मि.मी., बलौदाबाजार में 906.1 मि.मी., गरियाबंद में 1084.8 मि.मी., महासमुंद में 931.5 मि.मी. और धमतरी में 1050.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1129.0 मि.मी., मुंगेली में 1097.3 मि.मी., रायगढ़ में 1331.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1065.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1347.1 मि.मी., सक्ती में 1234.6 मि.मी., कोरबा में 1116.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1030.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 877.0 मि.मी., कबीरधाम में 786.3 मि.मी., राजनांदगांव में 951.3 मि.मी., मोहला-मानपुर में 1400.4 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 836.0 मि.मी. और बालोद में 1176.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 756.1 मि.मी., सूरजपुर में 1138.0 मि.मी., बलरामपुर में 1512.0 मि.मी., जशपुर में 1049.5 मि.मी., कोरिया में 1189.3 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1072.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

#### मुख्यमंत्री ने सरस्वती कालेज भवन का किया लोकार्पण, सरस्वती स्कूलों के 24 प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# विद्या भारती संस्था का भारत की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में विशिष्ट योगदान : साय






**रायपुर, 28 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विद्या भारती संस्था भारत की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में विशिष्ट योगदान दे रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र गौरव निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

मुख्यमंत्री साय आज बिलासपुर के कोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में नव-निर्मित सरस्वती महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करने पहुँचे। इस अवसर पर विद्या भारती द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्रदेश के 33 जिलों के सरस्वती स्कूलों से चयनित 24 मेधावी छात्र-छात्राओं को तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं महोत्सवों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा तथा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह भी विशेष रूप से शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सभी अतिथियों ने सरस्वती स्कूल परिसर, कोनी में नव-निर्मित महाविद्यालय भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। तत्पश्चात सरस्वती स्कूल परिसर स्थित लखीराम सभा भवन में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएँ अपनी मेहनत, अनुशासन और संस्कारों से प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। विद्यालय का यह नया भवन शिक्षा और ज्ञान के विस्तार का प्रतीक है, जो समाज को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि सरस्वती महाविद्यालय के द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय तथा इसरो, बेंगलुरु के साथ एमओयू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी क्षेत्र में अधिक अवसर मिलेंगे। साथ ही पं. सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर भी यहाँ प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्थानीय भाषा में शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, हाइटेक लाइब्रेरी, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी सुविधाएँ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे दृढ़ संकल्प और परिश्रम के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था द्वारा ज्ञान परंपरा और भारतीय संस्कृति को सहेजने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री देव नारायण ने संस्था के सिद्धांतों, विचारधारा और कार्य-प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरस्वती संस्थान द्वारा अब तक छत्तीसगढ़ में तीन महाविद्यालयों की स्थापना की गई है और सात प्रकल्प संचालित हैं। ग्राम भारती के अंतर्गत 1,100 से अधिक विद्यालय कार्यरत हैं। इन संस्थानों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जा रहा है, जिससे योग्य और राष्ट्र के प्रति समर्पित विद्यार्थियों का निर्माण हो रहा है।

कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राम भरोसा सोनी, सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष रतन चंद्राकर, सरस्वती शिशु मंदिर कोनी के अध्यक्ष मुनेश्वर कौशिक, सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के सचिव संतोष तिवारी, बृजेंद्र शुक्ला, पुरनंदन कश्यप, रामपाल, सुजीत मित्रा, सुदामा राम साहू, प्रांत प्रमुख श्रीमती दिव्या चंदेल, संचालकगण, प्राचार्य/आचार्यगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### प्रतिकूल मौसम में भी राहत और मुनाफा लेकर आई पीएम सूर्यघर योजना

**रायपुर, 28 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बनाने और उसका उपयोग करने की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस योजना से घरों के बिजली बिलों में कटौती तो हो ही रही है, इसके साथ-साथ अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर मुनाफा भी हो रहा है। गरमी, उमस भरी बरसात या ठंड जैसे प्रतिकूल मौसम में भी इस योजना से बिजली की आबाध आपूर्ति के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी हो रहा है। कोरबा जिले के कटघोरा में पड़ोसी ने पड़ोसी को देखकर अपनी छत पर सोलर पैनल लगवाया है।

कटघोरा कस्बे में श्रीमती ज्योति अनंत और श्री गोरे सिंह राजपूत आसपास रहते हैं। श्रीमती ज्योति ने अपनी घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया। उन्होंने बताया कि अब उनके घर के सभी उपकरण निर्बाध रूप से चल रहे हैं और घर की ऊर्जा का उत्पादन पूरी तरह आत्मनिर्भर है। ÷पहले गर्मी का मौसम चुनौतीपूर्ण लगता था, अब वही मौसम राहत और मुनाफा लेकर आता है। हम अपनी जरूरत की बिजली स्वयं बना रहे हैं और अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने योजना की सबसे बड़ी खासियत यह बताई कि यह पर्यावरण के लिए सुरक्षित और हरित ऊर्जा के लिए लाभकारी है। उनकी छत केवल बिजली उत्पादन का केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित छत्तीसगढ़ में योगदान का प्रतीक बन गई है।

पड़ोसी से प्रेरित होकर श्री गोरे सिंह राजपूत ने भी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से उनके घर की छत पर तीन किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टॉल हुआ, जिसकी कुल लागत एक लाख 95 हजार रुपये थी और केंद्र सरकार की 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिली।

#### तेजस्विनी छात्रावास का किया निरीक्षण कर

# राज्यपाल ने छात्राओं से की चर्चा व बेहतर इंसान बनने की दी प्रेरणा

- छात्रावास के लिए 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की



**रायपुर, 28 सितम्बर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज बिलासपुर प्रवास के दौरान नेहरू नगर स्थित तेजस्विनी छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत बच्चियों से आत्मीय चर्चा की और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का बेहतर जरिया है। एक सच्चे नागरिक की पहचान उसके सोच और व्यवहार से होती है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को समावेशी सोच के साथ जीवन यात्रा में आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपाल डेका ने छात्रावास के विकास के लिए 2 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। राज्यपाल डेका ने छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में भौतिक सफलता के साथ-साथ बेहतर इंसान बनना सबसे जरूरी है। उन्होंने सभी छात्राओं से परिचय लेकर उनकी रूचि और भविष्य में वे क्या बनना चाहते हैं, इस संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा, रहन सहन एवं अन्य आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने कहा कि बच्चियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को लेकर शासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्राओं ने राज्यपाल से खुलकर बातचीत की और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में छात्रावास की संचालिका सुश्री सुलभा देशपांडे ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि यहां 21 बच्चियां अध्ययनरत है। यहां गरीब और बेसहारा वर्ग की बच्चियों के निःशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था की जा रही है। यहां की बच्चियां शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में अध्ययनरत हैं। उनकी पढ़ाई की व्यवस्था भी छात्रावास समिति द्वारा की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### जिले की दो सड़कों के निर्माण के लिए 11.44 करोड़ रुपए की मंजूरी



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बड़ी सौगात, झारखंड राज्य को जोड़ेगा यह मार्ग, आवागमन की बढ़ेगी सुविधा

**रायपुर, 28 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों के विकास की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के दुलदुला क्षेत्र के लिए दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है।पहला मार्ग छेरडांड से टुकुटोली पहुँच मार्ग है, जिसकी लागत 5 करोड़ 48 लाख रुपए स्वीकृत हुई है। यह सड़क बनने से ग्रामीण अंचल के लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा होगी और क्षेत्र के कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। वहीं दूसरा मार्ग टुटिअम्बा से कादोपानी, झारखंड पहुँच मार्ग तक का निर्माण है, जिसके लिए 5 करोड़ 96 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। यह सड़क न केवल छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करेगी बल्कि सीधे झारखंड राज्य को भी जोड़ेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन, व्यापार और सामाजिक संपर्क और सुदृढ़ होगा।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस सौगात के लिए आभार जताया और कहा कि सड़कों का जाल बिछने से क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

**जिले में बिछ रहा है सड़कों का जालः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले को एक के बाद एक सौगातें मिल रही हैं,सड़क निर्माण के लिए मिली नई मंजूरियों से अब गांवङ्कगांव तक आवागमन सुगम होगा। ग्रामीणों को कीचड़ और धूल से निजात मिलेगी, वहीं मुख्य मार्ग से सीधी कनेक्टिविटी मिलने से लोगों की यात्रा आसान होगी।जिले में बिछने वाले सड़कों का यह जाल आने वाले समय में विकास की नई तस्वीर गढ़ेगा।

### दयालदास बघेल शामिल हुए पौधारोपण और साइकिल वितरण कार्यक्रम में



- एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत ग्राम मोहंदी में किया पौधारोपण
- प्रभारी मंत्री बघेल ने मोहंदा गांव में सी सी रोड निर्माण के लिए 10 लाख एवं साइकिल स्टैंड के लिए 10 लाख की घोषणा की

**महासमुंद 28 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल आज महासमुंद जिले के सराईपाली क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सराईपाली विकासखंड के ग्राम मोहंदा में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण भी किया। प्रभारी मंत्री बघेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदा के स्कूल परिसर में पीपल का पेड़ लगाया, इसी क्रम में सांसद रुप कुमारी चौधरी ने अशोक का पेड़ और बसना विधायक संपत अग्रवाल ने जामुन का पेड़ लगाया। इसके पश्चात मंत्री बघेल शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहंदा में साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के राजगीत से हुआ। तदुपरांत प्रभारी मंत्री बघेल ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृ शक्ति के प्रति सम्मान का भी प्रतीक है। साइकिल वितरण को लेकर उन्होंने कहा कि यह बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करेगा और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन देगा।

इसके पश्चात सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए आम जन से इस अभियान को सफल बनाने की अपील किए, साथ ही उक्त अभियान में रक्तदान में सहभागिता हेतु कहा ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके।

#### पहले चरण में सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में शुरू होगी सुविधा

# केंद्र सरकार ने आदर्श सुविधा केंद्र के लिए मंजूर किए 50 करोड़

- सभी सेवाओं के लिए एकीकृत केन्द्र की तरह कार्य करेगा आदर्श सुविधा केंद्र, नागरिकों को होगी सहूलियत
- मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भारत सरकार को दिया धन्यवाद




**रायपुर, 28 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की विशेष पहल पर केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य के नगरीय निकायों में आदर्श सुविधा केंद्र खोलने के लिए 50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। पहले चरण में सभी 14 नगर निगमों और सभी 55 नगर पालिकाओं में ये केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे। ये सुविधा केंद्र नागरिकों को विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र और लाइसेंस प्राप्त करने तथा पंजीयन व शिकायत निवारण जैसी सेवाओं के लिए एकीकृत केंद्र की तरह काम करेंगे। भारत सरकार ने नगरीय निकायों से जुड़ी सभी तरह की सेवाओं पर आधारित आदर्श सुविधा केन्द्र खोलने के लिए म्यूनिसिपल शेयर्ड सर्विसेस सेंटर के अंतर्गत सिटीजन एक्सपिरियंस सेंटर के लिए यह राशि मंजूर की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगरीय निकायों में आदर्श सुविधा केंद्र स्थापित किए जाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पहल हमारी सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत हम प्रदेश के नागरिकों को पारदर्शी, समयबद्ध और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध हैं। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएँ और जीवन स्तर प्राप्त हो, यह हमारी सरकार का लक्ष्य है। आदर्श सुविधा केंद्र इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नगरीय प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार नगरीय निकायों के नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रही है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) के माध्यम से केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश में सिटीजन एक्सपिरियंस सेंटर स्थापित करने के लिए म्यूनिसिपल शेयर्ड सर्विसेस सेंटर के अंतर्गत प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के इस प्रस्ताव को स्वीकृति एवं अनुशंसा प्रदान करते हुए इसके लिए 50 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। ये सिटीजन एक्सपीरियंस सेंटर नगरीय निकायों से संबंधित सेवाओं (म्यूनिसिपल सर्विसेस) के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में काम करेंगे।

#### क्या है आदर्श सुविधा केन्द्र

आदर्श सुविधा केन्द्र नगरीय निकायों में जनसुविधाओं से संबंधित समस्त सेवाओं के लिए एकीकृत केन्द्र की तरह कार्य करेगी। इस केन्द्र के माध्यम से नगरीय निकायों में नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रदेश में संचालित अन्य नागरिक सुविधा पोर्टल जैसे निदान-1100, मोर संगवारी, संपत्ति कर तथा नगरीय प्रशासन से संबंधित अन्य सेवाओं व सुविधाओं को भी आदर्श सुविधा केन्द्र के साथ जोड़ा जाएगा।

#### कैसे मिलेगी नागरिकों को सुविधाएं

आदर्श सुविधा केन्द्र के माध्यम से सेवाएं प्राप्त करने के लिए नागरिकों को अपनी इच्छित सेवाओं से संबंधित आवेदन सुविधा केन्द्र में जाकर दर्ज/जमा करानी होगी। नागरिकों से प्राप्त आवेदन की प्रकृति एवं गुण-दोष के आधार पर नगरीय निकाय द्वारा आदर्श सुविधा केन्द्र के माध्यम से निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन प्रणाली से जुड़ी होगी और इसकी मॉनिटरिंग राज्य शहरी विकास अभिकरण में स्थापित राज्य स्तरीय कमाण्ड एंड कण्ट्रोल सेंटर के माध्यम से की जाएगी।

### विशेष पिछड़ी जनजाति के 69 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन से मिल रहा है शुद्ध पेयजल

**रायपुर, 28 सितम्बर।** जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 70 कि.मी. दूरी पर स्थित भितघरा पंचायत का छोटा सा गांव राजपुर, जिसकी आबादी 247 जिनमें मुख्यतः पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति का निवास है। इस गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2 उच्च स्तरीय एकल ग्राम योजना के द्वारा सभी 69 ग्रामीण परिवारों को उनके घरों तक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेय जल आपूर्ति की जा रही है। विदित हो कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शासन की सभी योजनाओं को लाभ शत् प्रतिशत देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दूरस्थ अंचल में निवासरत जनजाति समुदाय के लोगों को किसी भी प्रकार से शासन की योजनाओं से वंचित न होना पड़े इसके लिए शासन और प्रशासन स्तर पर हर संभव पहल करने के लिए कहा है। इसी कड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जशपुर के उपखण्ड बगीचा के सहायक अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता एवं उप अभियंता श्री विकास एक्का द्वारा ग्राम राजपुर पर विशेष ध्यान देकर योजना को शीघ्र पूर्ण कराया गया एवं कार्य पूर्ण होने पर इस ग्राम का हर घर जल कार्यक्रम भी कर लिया गया है । हितग्राही करूणा दास और वहां के ग्रामवासी का कहना है कि जल जीवन मिशन के आने से पूर्व वे कुंआ से पानी भरते थे जो कि बस्ती से लगभग 500 मी. दूर नीचे ढलान पर है।

**एक नजर**

## शीतल देवी ने वर्ल्ड पैरा आर्चरी में जीता गोल्ड मेडल, सिर्फ 18 साल की उम्र में रचा इतिहास



**नई दिल्ली, 28 सितंबर।** भारत की 18 साल की पैरा आर्चरी खिलाड़ी शीतल देवी का चीन के ग्वांग्जू शहर में चल रही वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला है। शीतल देवी पहली ऐसी पैरा आर्चरी बन गई हैं, जो बिना हाथ के गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हुई है। शीतल देवी ने महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्की की नंबर-1 तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को मात देने के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत इवेंट में भारत की शीतल देवी और तुर्की की ओजनूर क्यूर गिर्डी के बीच काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस खिताबी मैच का जब पहला राउंड खत्म हुआ तो उस समय दोनों पैरा आर्चरी का स्कोर 29-29 था। इसके बाद दूसरे राउंड से शीतल ने बढ़त बनाना शुरू किया जिसमें उन्होंने लगातार तीन शॉट 10-10 अंक के लगाए और 30-27 से आगे रहीं। तीसरे राउंड में दोनों प्लेयर्स के बीच फिर बराबरी का मुकाबला देखने को मिला जिसमें 29-29 अंक पर ये खत्म हुआ। चौथे राउंड को लेकर बात की जाए तो इसमें शीतल ने जहां कुल 28 अंक हासिल किए तो वहीं तुर्की की खिलाड़ी गिर्डी ने कुल 29 अंक अपने नाम किए।

# क्या एकतरफा होगा एशिया कप फाइनल !

## 15 खिताबी मुकाबलों में महज 2 बार आखिरी गेंद पर तय हुआ चैंपियन




**दुबई, 28 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। ग्रुप और सुपर-4 स्टेज में हुए पाकिस्तान के खिलाफ2 मुकाबलों को भारत ने एकतरफा अंदाज में अपने नाम किया। क्या आज का फाइनल भी वन साइडेड ही होगा?

एशिया कप 17वीं बार खेला जा रहा है। 1984 में पॉइंट्स टेबल के आधार पर टीम इंडिया को चैंपियन घोषित किया गया। उसके बाद हुए 15 फाइनल में 13 बार टीमों ने एकतरफा जीत ही हासिल की। महज 2 बार खिताबी मुकाबला के नतीजा आखिरी गेंद पर तय हुआ।

1984 से 2010 तक हर बार टीमों ने एकतरफा अंदाज में ही खिताबी मुकाबला जीता। 2012 में पहली बार रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, तब पाकिस्तान ने 100 ओवर चले मुकाबले को महज 2 रन से जीता था। मीरपुर में बांग्लादेश को आखिरी ओवर में 9 रन चाहिए थे, लेकिन टीम 6 रन ही बना सकी। 2012 में पाकिस्तान ने आखिरी बार एशिया कप टाइटल जीता था। इसके बाद टीम 2 बार फाइनल में जरूर पहुंची, लेकिन दोनों बार श्रीलंका से हार गई। अब टीम भारत के खिलाफ फाइनल खेलने वाली है।

एशिया कप का दूसरा करीबी फाइनल मुकाबला 2018 में दुबई के मैदान पर खेला गया। तब बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 222 रन बनाए। दुबई की धीमी पिच पर भारत ने 200 रन तक 5 ही विकेट गंवाए थे। आखिरी ओवरों में रवींद्र जडेजा और भुवनेश्वर कुमार भी पवेलियन लौट गए। केदार जाधव को इंजरी के कारण रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। वे 7 विकेट गिरने के बाद बैटिंग करने आए, लेकिन उन्हें रन दौड़ने में बहुत परेशानी हो रही थी। उनके सामने कुलदीप यादव थे। आखिरी ओवर में 6 रन चाहिए थे, टीम ने 5 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 1 रन की जरूरत थी, महमूदुल्लाह ने लेग स्टंप की ओर बॉल फेंकी। जाधव ने लेग साइड की ओर गेंद खेलकर लड़खड़ाते हुए सिंगल लिया और भारत को 3 विकेट से रोमांचक मुकाबला जिता दिया।

भारत ने अब तक 8 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम की है। 2018 में मुकाबला आखिरी गेंद तक चला। वहीं 1984 में पॉइंट्स टेबल के आधार पर ट्रॉफी मिली। इनके अलावा टीम ने जो 6 खिताब जीते, उनमें फाइनल में एकतरफा दबदबा बनाया। 2023 में पिछला फाइनल तो कुछ ज्यादा ही भारत के पक्ष में चला गया।

कोलंबो में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका की टीम महज 50 रन पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट लिए। भारत ने फिर 6.1 ओवर में बगैर विकेट गंवाए ही टारगेट हासिल कर लिया। 2023 के अलावा भारत ने 1988, 1991, 1995, 2010 और 2016 में भी दबदबा दिखाते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

**पाकिस्तान एक ही बार दबदबा दिखा सका**

पाकिस्तान ने अब तक 2 ही एशिया कप जीते हैं। 2012 में टीम आखिरी ओवर में 9 रन बचाकर 2 रन के करीबी अंतर से जीत पाई थी। वहीं 2000 के फाइनल में टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 277 रन बना दिए। जवाब में श्रीलंका से मारवान अटपट्टू ने सेंचुरी जरूर लगाई, लेकिन टीम 238 रन ही बना सकी। पाकिस्तान ने 39 रन के अंतर से मुकाबला जीत लिया।

भारत ने एशिया कप के 10 फाइनल खेले। 6 बार टीम ने एकतरफा जीत हासिल, एक मुकाबला आखिरी गेंद तक चला। वहीं 3 बार टीम को एकतरफा हार भी मिली। तीनों बार श्रीलंका ने बाजी मारी। 1997 में श्रीलंका 37वें ओवर में ही 8 विकेट के अंतर से जीत गया। 2004 में श्रीलंका ने 25 रन से हराया, वहीं 2008 टीम को 100 रन के बड़े अंतर से हार मिली।

पाकिस्तान ने एशिया कप के 5 फाइनल खेले। टीम 1 बार करीबी अंतर से जीती, वहीं 1 बार एकतरफा अंदाज में जीत हासिल की। हालांकि, 3 बार टीम को श्रीलंका ने एकतरफा फाइनल हरा दिया। 1986 में श्रीलंका 42.2 ओवर में 5 विकेट खोकर ही जीत गया। 2014 में पाकिस्तान टीम 46.2 ओवर में 5 विकेट से हारी। वहीं 2022 के टी-20 फाइनल में टीम को 23 रन की हार मिली।

## बीसीसीआई को मिला नया प्रेसीडेंट मिथुन मन्हास के नाम पर लगी मुहर



**नई दिल्ली, 28 सितंबर।** बीसीसीआई ने मिथुन मन्हास को नया प्रेसीडेंट चुन लिया है। पिछले कई दिनों से मिथुन मन्हास के नाम की चर्चा चल रही थी। अब उनके नाम पर मुहर लग गई है।बता दें, मिथुन मन्हास दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। मुंबई में 28 सितंबर को वार्षिक आम बैठक के समापन के बाद मन्हास को आधिकारिक तौर पर बीसीसीआई का प्रेसीडेंट नियुक्त किया गया है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मिथुन मन्हास के बीसीसीआई प्रेसीडेंट बनने की जानकारी एक्स पर दी। जितेंद्र सिंह ने लिखा- मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर बीसीसीआई का नया प्रेसीडेंट घोषित किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के सुदूर इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है, यह रविवार कितना सौभाग्यशाली रहा। कुछ ही घंटों के अंतराल में पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल वर्ल्ड चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद मिथुन को बीसीसीआई प्रेसीडेंट चुन लिया गया।

45 साल के मिथुन मन्हास बीसीसीआई के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले सिर्फ तीसरे क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली। इससे पहले रोजर बिन्नी और सौरव गांगुली ही क्रिकेटर के तौर पर बीसीसीआई के बॉस रह चुके हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि मिथुन मन्हास प्रेसीडेंट बनने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं।

मिथुन मन्हास 12 अक्टूबर 1979 को जम्मू-कश्मीर में जन्मे और 1997-98 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्होंने 157 फर्स्ट क्लास मैचों में 9714 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 45.82 का रहा। उन्होंने 27 शतक और 49 अर्धशतक भी जड़े। उन्होंने 130 लिस्ट-ए मैचों में 4126 रन बनाए जिसमें 5 शतक और 26 अर्धशतक लगाए। उनके नाम 91 T20 मैचों में 1170 रन दर्ज हैं। उन्होंने 70 विकेट भी चटकाए। IPL में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स, पुणे वॉरियर्स इंडिया और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया और कुल 55 मैचों में 514 रन बनाए।

## बीसीसीआई लाया नया नियम, इस उम्र के खिलाड़ियों को आईपीएल से पहले खेलना होगा रणजी ट्रॉफी मैच

**नई दिल्ली, 28 सितंबर।** बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। BCCI ने 45 साल के मिथुन मन्हास को BCCI का प्रेसीडेंट नियुक्त किया है जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को मेन्स नेशनल टीम की सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया गया है। मिथुन मन्हास को अन्य पदाधिकारियों के साथ निर्विरोध BCCI प्रेसीडेंट चुना गया है। वह BCCI के 37वें प्रेसीडेंट हैं। पिछले कई दिनों से मन्हास के नाम की चर्चा चल रही थी। अब वार्षिक आम बैठक में उनके नाम पर अंतिम मुहर लग गई।



मिथुन मन्हास BCCI के प्रेसीडेंट नियुक्त होने वाले पहले अनकैप्ड प्लेयर हैं। उन्होंने दिल्ली के घरेलू क्रिकेट खेला लेकिन कभी टीम इंडिया के लिए नहीं खेल सके। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली। बिन्नी ने पिछले महीने 70 साल की उम्र पूरी करने के बाद अपना पद छोड़ दिया था। पूर्व ऑलराउंडर मन्हास ने 1997-98 और 2016-17 के बीच 157 फर्स्ट क्लास, 130 लिस्ट ए और 55 ICC मैच खेले।

दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला सिलेक्शन कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू को महिला सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया गया है। एस शरत को जूनियर सिलेक्शन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे।

बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक IPL नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो। ऐसा माना जा रहा है कि BCCI घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने के मकसद ये नया नियम लेकर आई है, ताकि कम उम्र के खिलाड़ी सिर्फ IPL या T20 क्रिकेट पर ही फोकस न करें बल्कि घरेलू क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट को बराबर तवज्जो दें।

## नेपाल ने टी-20 में पहली बार वेस्टइंडीज को हराया

**शारजाह, 28 सितंबर।** शारजाह में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नेपाल ने वेस्टइंडीज को 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी।




यह जीत नेपाल की किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफसभी फॉर्मेट में पहली जीत है। इससे पहले 2014 में नेपाल ने टी-20 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान एसोसिएट टीम थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह नेपाल का पहला टी-20 मैच और किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ उनकी पहली बाइलैट्रल सीरीज की शुरुआत थी।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट पर 148 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया। कुशल भुर्तेल 6 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज आशिफशेख भी सिर्फ3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

तीसरे विकेट के लिए कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 45 गेंदों पर 58 रन की अहम साझेदारी की। कुशल मल्ला ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए, जबकि रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली। दीपेंद्र सिंह एरी ने 19 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि नवीन बिदाईसी ने 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। नेपाल के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। नई टीम के साथ मैदान में उतरी विंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। उनकी टीम में चार नए खिलाड़ी शामिल थे। वेस्टइंडीज की ओर से नवीन बिदाईसी ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। अमीर जंगू और फेबियन एलन ने 19-19 रन जोड़े, जबकि कप्तान अकील हुसैन 18 रन बनाकर आउट हुए। अकीम ने 15 और केसी कार्टी ने 16 रन का योगदान दिया। नेपाल की ओर से कुशल भुर्तेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

**व्यापार**

## मार्केट आउटलुक : आरबीआई एमपीसी, भारत-अमेरिका ट्रेड डील के साथ एफआईआई डेटा पर निर्भर करेगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई , 28 सितंबर।** भारतीय शेयर बाजार के लिए आने वाला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। आरबीआई एमपीसी बैठक, भारत-यूएस ट्रेड डील, एफआईआई डेटा और अन्य वैश्विक आर्थिक कारणों पर भारतीय शेयर बाजार का रुझान निर्भर करेगा। आरबीआई एमपीसी की बैठक 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित है। इस बैठक में ब्याज दरों की समीक्षा की जाएगी। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक आगामी एमपीसी में ब्याज दरों में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। मौजूदा समय में रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर बनी हुई है। पिछली एमपीसी में केंद्रीय ने रेपो रेट को यथावत रखा था। फरवरी 2025 से अब तक केंद्रीय बैंक रेपो रेट को करीब एक प्रतिशत घटा चुका है। इस हफ्ते भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर भी निवेशकों की निगाहें होंगी।



दोनों देशों के बीच पारस्परिक लाभकारी व्यापारिक समझौते पर बातचीत एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में भारत का एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया था। जहां उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीद-बिक्री का डेटा इस बार काफी अहम होगा। पिछले हफ्ते एफआईआई ने 19,570.03 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं, डीआईआई ने 17,411.4 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए बिकवाली वाला रहा। निफ्टी 672.35 अंक या 2.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,654.70 और सेंसेक्स 2,199.77 अंक या 2.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,426.46 पर था।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बढ़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 733.22 अंक या 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,426.46 और निफ्टी 236.15 अंक या 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,654.70 पर था।

बाजार के जानकारों ने कहा कि भारतीय बाजार में भी एशियाई बाजारों की तरह ही भारी गिरावट देखी गई। दवा कंपनियों पर नए टैरिफ लगाने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे दवा कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, एक्सेंचर की कम जोर गाइडेंस और नौकरियों में कटौती ने आईटी खर्च में कमी की ओर संकेत किया है, जिससे तकनीकी शेयरों में व्यापक बिकवाली हुई। वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशक सतर्क बने हुए हैं और निकट भविष्य में घरेलू निवेश और खपत पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## 4 दिनों में 75,000 से ज्यादा बिकी मारुति कारें, स्टॉक खत्म होने की कगार पर

**जयपुर ,28 सितंबर ।** देश की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निर्माता मारुति सुजुकी ने नवरात्रि के पहले चार दिनों में बिक्री का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी ने देशभर में 75,000 से ज़्यादा कारों की बिक्री की है और यह आंकड़ा तेज़ी से 80,000 यूनिट्स को पार करने वाला है। बिक्री में इस अभूतपूर्व उछाल का मुख्य श्रेय जीएसटी 2.0 (तस्ज्ञ 2.0) को दिया जा रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा टैक्स स्लैब में की गई कटौती ने ग्राहकों को खरीदारी के लिए बड़ा प्रोत्साहन दिया है। कारों पर लगने वाली टैक्स रेंज, जो पहले 28त्न से 50त्न के बीच थी, अब कम होकर 18त्न और 40त्न रह गई है। कीमतों में आई इस कमी का सीधा असर ग्राहकों के खरीद निर्णयों पर पड़ा है। मारुति डीलरशिप्स पर ग्राहक पूछताछ और बुकिंग में ज़बरदस्त वृद्धि देखने को मिल रही है। औसतन, प्रतिदिन 80,000 लोग कारों के बारे में जानकारी ले रहे हैं, जबकि दैनिक बुकिंग का आंकड़ा 18,000 यूनिट्स तक पहुँच गया है। जीएसटी दरों में कटौती लागू होने के ठीक पहले दिन ही मारुति ने 30,000 कारों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की थी, जिसने त्यौहारी सीज़न की मजबूत शुरुआत की पुष्टि की। बिक्री में सबसे ज़्यादा उछाल एंट्री-लेवल और छोटे मॉडलों में देखा गया है, जिनकी मांग में 50त्न से अधिक की वृद्धि हुई है। हालांकि, ब्रेज़ा, डिज़ायर और बलेनो जैसे लोकप्रिय और मध्यम-रेंज के मॉडलों की मांग सबसे अधिक है। कंपनी ने ग्राहकों को आगाह किया है कि अत्याधिक मांग के चलते कुछ ख़ास वैरिएंट्स का स्टॉक जल्द ही ख़त्म हो सकता है, इसलिए ग्राहकों को जल्द से जल्द बुकिंग करने की सलाह दी जा रही है। मारुति सुजुकी के वर्तमान लाइन-अप में ऑल्टो च10, एस-प्रेसो, सेलेरियो, वैगनआर, स्विफ़्ट, डिज़ायर, बलेनो, फ्रॉन्क्स, ब्रेज़ा, सियाज़, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा, एक्सएल6, जिम्नी और इनविक्टो जैसे विविध मॉडल शामिल हैं। नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर, ग्राहकों ने मारुति के इन भरोसेमंद और अब और भी किफ़ायती मॉडलों को पहली पसंद बनाया है।

**न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाईनगर जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**दाण्डिक प्रकरण क्रमांक/ /विविध/2025**
**थाना प्रभारी थाना जामुल जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी में जप्त लावारिश/लादावा वाहनो के निराकरण/नीलामी की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी थाना जामुल जिला दुर्ग द्वारा अपने चौकी/थाने क्षेत्रांतर्गत जप्त लावारिश वाहनों की जानकारी संबंधित परिवहन कार्यालय से लिया जाकर वाहन स्वामीयों को वाहन रजिस्ट्रेशन पत्र के साथ उपस्थित होकर वाहन संरक्षण में लेने हेतु नोटिस जारी किया गया था, जो अदम तामिली प्राप्त होने से नीलामी की कार्यवाही किये जाने बाबत् धारा 28 पुलिस एक्ट अनुसार ईस्तगाशा तैयार कर प्रेषित किया गया है।

अतः वाहनो की नीलामी की कार्यवाही के पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से अनुसूचि मे दर्शित वाहनो के वाहन मालिको को समाचार पत्र के माध्यम से संसूचित किया जाता है। कि सूची में दर्शित वाहनों के संरक्षण प्राप्ति हेतु दावा आपत्ति रखते हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ आगामी पेशी तिथि 10.10.2025 तक न्यायालयीन समय स्वतः अथवा अपने अभिभावक/अभिभाषक/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से लिखित में दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद वाद पश्चात् उजर दावा अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया गया जायेगा।

थाना प्रभारी, थाना जामुल जिला दुर्ग में जप्त लावारिश/लादावा वाहनों का विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से देख सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 24.09.2025 को जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
**छावनी/भिलाईनगर,**
**जिला-दुर्ग**

## 2 हिस्सों में बंट जाएगा टाटा मोटर्स का बिजनेस

**नई दिल्ली, 28 सितंबर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की मुंबई बेंच से अपने रीस्ट्रक्चरिंग प्रोग्राम के लिए मंजूरी मिल गई, जिससे 1 अक्टूबर से उसके पैसेंजर व्हीकल्स और कमर्शियल व्हीकल्स बिजनेस के अलग होने का रास्ता साफ हो गया है। हृष्टस्न्न ने अपने आदेश में उस पूरी व्यवस्था योजना को मंजूरी दे दी, जिसके तहत टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल्स बिजनेस को टीएमएल कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमएलसीवी) में अलग किया जाएगा, जबकि पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस को टाटा मोटर्स के नाम अधीन समेकित किया जाएगा, जिसका नाम बदलकर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड कर दिया जाएगा।



इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा मोटर्स की ये दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से लिस्ट होंगी और शेयरहोल्डरों को टाटा मोटर्स में रखे गए प्रत्येक शेयर के बदले टीएमएलसीवी का 1 शेयर मिलेगा। इस योजना में कमर्शियल व्हीकल यूनिट को ?2,300 करोड़ मूल्य के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर ट्रांसफर करने का भी प्रावधान है। टाटा मोटर्स ने कहा कि इस कदम से वैल्यू में बढ़ोतरी होगी और दोनों बिजनेस को ज्यादा रणनीतिक फोकस, बेहतर गतिशीलता और स्पष्ट पूंजी आवंटन मिलेगा।

पुनर्गठन से पहले, टाटा मोटर्स ने अपनी लीडरशिप में भी कई बड़े बदलाव किए हैं। कमर्शियल व्हीकल (सीवी) डिवीजन का नेतृत्व कर रहे गिरीश वाघ, टीएमएलसीवी के एमडी और सीईओ का कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में पैसेंजर ईवी वर्टिकल का नेतृत्व कर रहे शैलेश चंद्रा, टाटा मोटर्स के एमडी और सीईओ बनेंगे, जो पैसेंजर व्हीकल बिजनेस को देखेंगे।

इस बदलाव में फाइनेंशियल लीडरशिप में भी बदलाव शामिल है। ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर पीबी बालाजी 17 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा देकर यूनाइटेड किंगडम में जगुआर लैंड रोवर पीएलसी के सीईओ का पद संभालेंगे। उनकी जगह धीमान गुप्ता लेंगे, जो वर्तमान में टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सीएफओ हैं और टाटा मोटर्स में ग्रुप सीएफओ की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, बालाजी टाटा मोटर्स के बोर्ड में एक नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कंपनी से जुड़े रहेंगे।

## इनलैंड स्पीड पोस्ट (डॉक्यूमेंट) के लिए 1 अक्टूबर से लागू होंगे नए फीचर्स और रिवाइज्ड टैरिफ

**नई दिल्ली, 28 सितंबर।** डाक विभाग ने इनलैंड स्पीड पोस्ट (डॉक्यूमेंट) के लिए 1 अक्टूबर से लागू होने वाले नए फीचर्स के साथ रिवाइज्ड टैरिफ की घोषणा की है।केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 1 अक्टूबर 2025 से, स्पीड पोस्ट में ओटीपी बेस्ड डिलीवरी, ऑप्शनल रजिस्ट्रेशन और जीएसटी को अलग से दिखाने के साथ ट्रांसपैरेंट रेट्स होंगे। हर घर तक तेजी और तसल्ली के साथ डिलीवरी करता इंडिया पोस्ट, 167 से अधिक वर्ष की अपनी विरासत के साथ नागरिकों को पहले से कहीं बेहतर तरीके से जोड़ता है। इस तरक्की का हिस्सा बनकर हमें गर्व है। संचार मंत्रालय के अनुसार, डाक विभाग ने देश भर में पत्रों और पार्सल की फास्ट और विश्वसनीय डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए 1 अगस्त 1986 को स्पीड पोस्ट की शुरुआत की थी। भारतीय डाक को मॉडर्न बनाने के प्रयासों के तहत शुरू की गई इस सेवा को समयबद्ध, कुशल और सुरक्षित डाक डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया था।मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्पीड पोस्ट ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर विकसित होता रहा है। देश में पसंदीदा डिलीवरी सेवा के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए अब इसे कुछ नई फीचर्स के साथ अपग्रेड किया गया है।भारतीय डाक को ओटीपी-बेस्ड सुरक्षित डिलीवरी, ऑनलाइन पेमेंट सुविधा, एसएमएस-बेस्ड डिलीवरी नोटिफिकेशन, सुविधाजनक ऑनलाइन बुकिंग सर्विस, रियल टाइम डिलीवरी अपडेट्स और यूजर्स के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा के साथ पेश किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इन नए फीचर्स का उद्देश्य विश्वसनीयता, सुरक्षा और ग्राहक सुविधा को बढ़ाना है। इसके अलावा, स्पीड पोस्ट (दस्तावेजों) के टैरिफ को भी रिवाइज किया गया है। लोकल एरिया में स्पीड पोस्ट के लिए नया टैरिफ 50 ग्राम तक के सामान के लिए 19 रुपए, 51 ग्राम से 250 ग्राम तक के सामान के लिए 24 रुपए और 251 ग्राम से 500 ग्राम तक के सामान के लिए 28 रुपए होगा। 200 किलोमीटर तक की दूरी के लिए नया टैरिफ 50 ग्राम तक के सामान के लिए 47 रुपए, 51 ग्राम से 250 ग्राम तक के सामान के लिए 59 रुपए और 251 ग्राम से 500 ग्राम तक के सामान के लिए 70 रुपए होगा।

## एक नजर

### देश-भक्ति के जज्बे के साथ लौटेगा 'साउंड ऑफ सोल'

**रायपुर, 28 सितम्बर।** रायपुर में संगीत का सबसे बड़ा सांध्य समारोह 'साउंड ऑफसोल' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रहा है। इस बार ये कार्यक्रम खासतौर पर देश के सैनिकों और सुरक्षा बलों को समर्पित है। 1 अक्टूबर को बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में शाम 7 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक रूप कुमार राठौड़ शामिल होंगे। राठौड़ के साथ उनकी धर्मपत्नी और मशहूर गजल गायिका सुनाली राठौड़ भी जुड़ेंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना और वीर जवानों के बलिदान को नमन करना। पिछले दो सीजन में पद्मश्री पंकज उधास और कुमार शानू साउंड ऑफ सोल का हिस्सा बन चुके हैं। आयोजक अली खां रूमानी ने बताया ये एक चैरिटी प्रोग्राम है। प्रोग्राम के टिकट बुक माय शो एप से ले सकते हैं। वहीं ष्टस्क्रके माध्यम से इच्छुक कंपनियां और श्रोता इस आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।



**सीजन-3 : एक अक्टूबर को मशहूर गायक रूप कुमार आएंगे रायपुर, गानों के जरिए जवानों को देंगे सलामी**

### तेलीबांधा क्षेत्र में अब रात 12 बजे के बाद बंद होंगे होटल, बार और क्लब

**रायपुर, 28 सितबंर।** रायपुर के तेलीबांधा इलाके में देर रात चलने वाली पार्टियों और कार्यक्रमों पर अब सख्ती बरती जाएगी। क्षेत्र में मौजूद सभी होटल, बार, क्लब, पब और रेस्टोरेंट को रात 12 बजे के बाद बंद करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित संचालकों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। तेलीबांधा थाना पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के सभी व्यवस्थापकों को नोटिस जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी तरह का कार्यक्रम, डीजे या लाउड म्यूजिक नहीं चलेगा। यदि नियमों का उल्लंघन होता है, तो एफ्आईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सिविल लाइन क्षेत्र के सीएसपी रमाकांत साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन ने होटल, ढाबों, क्लबों और पब को केवल रात 12 बजे तक संचालन की अनुमति दी है। इसके तहत सभी प्रतिष्ठानों को अधिकतम 12:30 बजे तक पूरी तरह बंद कराना होगा। रात के समय केवल फूड पार्सल सेवा को ही जारी रखने की इजाजत होगी, जबकि शराब परोसने और पार्टी करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### रामायण रामलीला का आयोजन जारी

**रायपुर, 28 सितम्बर।** नवरात्रि एवं दशहरा के शुभ अवसर रामायण रामलीला मंडल का आयोजन संचालक पंडित प्रवीण दुबे के नेतृत्व में जारी है। उक्त आयोजन नवरात्रि के प्रथम दिवस 22 सितम्बर से विजयादशमी के दिन तक जारी रहेगा। कार्यक्रम शाम 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाता है। कार्यक्रम स्थल आमापारा सब्जी बाजार, कारी तालाब, बजरंग नगर में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया जा रहा है।

### 1 नवंबर से रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली, कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**रायपुर, 28 सितंबर।** पुलिस कमिश्नर प्रणाली को भुवनेश्वर मॉडल की तर्ज पर रायपुर जिले में 1 नवंबर से लागू किया जाएगा। उच्च स्तरीय कमेटी के अध्यक्ष एडीजी प्रदीप गुप्ता ने प्रस्तावित मसौदा डीजीपी अरुणदेव गौतम को सौंप दिया है। इसका अध्ययन करने के बाद डीजीपी इसे राज्य सरकार को भेजेंगे। कमेटी की रिपोर्ट मिलते ही अंतिम रूप देने के बाद विधि विभाग को परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। बताया जाता है कि नया सिस्टम लागू करने के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। सिर्फ राज्य सरकार की स्वीकृति मिलने और अन्य औपचारिताओं को पूरा करने के लिए विभागीय स्तर पर तैयारी चल रही है। राज्य पुलिस के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सेटअप और संसाधन के लिए वित्त विभाग की मंजूरी शेष है। विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर पुलिस मुख्यालय में एसआईबी के दो मंजिला भवन को फाइनल किया गया है। महाराष्ट्र, दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, ओडिशा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में लागू कमिश्नरी के मॉडल का अध्ययन किया गया था। इस दौरान भुवनेश्वर कमिश्नरी को सबसे उपयुक्त मानते हुए 60 फीसदी नियमों को लिया गया है।

# संतूर और कथक की संगति ने रचा जादू

**रायपुर, 28 सितम्बर।** मंडी हाउस स्थित त्रिवेणी कला संगम में संगीत और नृत्य का अद्भुत समागम देखने को मिला। कालंगन फ़ाउंडेशन की ओर से आयोजित इस संध्या ने रसिकों को शास्त्रीय परंपरा का अविस्मरणीय अनुभव दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संतूर वादक डॉ. बिपुल कुमार राय (पद्मश्री पं. भजन सोपोरी के शिष्य) ने किया। उन्होंने राग भूपेश्वरी में आलाप, जोर और झाला से प्रस्तुति आरंभ कर मध्यलय और द्रुत तीनताल तक अपनी निपुणता का परिचय दिया। मिश्र काफी की मधुर धुन पर उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर संगति उस्ताद ज़रग़म अक़रम ख़ान ने दी।








दूसरे चरण में कथक नृत्यांगना शालु श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ मंच पर उतरीं। संगति में थे – जयवर्धन दाधीच (गायन), आशीष मिश्रा (तबला), दिव्यांशु कुमार (पखावज), शंभू सिसोदिया (सारंगी) और अंजलि चौहान (पढ़ंत)। उन्होंने सावरा गिरधर गोपाल भजन से शुरुआत कर बंदिशों, टुकड़ों और परन-तिहाइयों की तकनीकी प्रस्तुतियाँ दीं। घूँघट पर उनका भावपूर्ण अभिनय और कभी बन सवारकर आ गए ग़ज़ल ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उनकी शिष्याएँ आयुषी, जूही, प्रेरणा और त्विशा ने बसंत ऋतु पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिए।

कार्यक्रम में पं. दीपक महाराज, श्री लोकेश आनंद और कला समीक्षक सुश्री चित्रा शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संचालन सुश्री सोमिका श्रीवास्तव ने गरिमापूर्ण अंदाज़ में किया। यह संध्या केवल प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बनी, जहाँ संतूर और कथक ने सुर-ताल का अनोखा जादू रचा।

### रायपुर कलेक्ट्रेट के एंग्लो रिकॉर्ड-सेल की छत गिरी...

# मलबे में दबी फाइलें, कमरा सील, मलबा हटाने का काम जारी, करीब 190 साल पुराना है भवन

**रायपुर, 28 सितम्बर।** रायपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में रविवार सुबह एंग्लो रिकॉर्ड रूम की जर्जर छत अचानक गिर गई। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कई महत्वपूर्ण सरकारी फ़ाइलें मलबे और धूल के नीचे दब गईं। फिलहाल कमरे को सील कर दिया गया है। मलबा हटाने का काम जारी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार की छुट्टी होने की वजह से कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। अगर वर्किंग डे होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस इमारत में रोजाना सैकड़ों लोग काम के लिए आते हैं। साथ ही कर्मचारी काम करते हैं। ये बिल्डिंग अंग्रेजों के जमाने की है, जो लगभग 190 साल पुरानी है।

**छत गिरते ही आई तेज आवाज :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह अचानक तेज आवाज के साथ कक्ष क्रमांक-8 की छत भरभराकर नीचे गिर गई। देखते ही देखते कमरे में धूल का गुबार फैल गया। सूचना मिलते ही कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे। मलबा हटाने और रिकॉर्ड को सुरक्षित बाहर निकालने का काम शुरू किया गया।

एडिशनल कलेक्टर मनीष मिश्रा ने कहा कि एंग्लो रिकॉर्ड रूम में यह हादसा हुआ है। संबंधित अधिकारियों को बुलाकर रिकॉर्ड को व्यवस्थित किया जा रहा है।





**सुबह छत अचानक भरभराकर गिरी**

जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक–8 की छत अचानक गिर गई। यह हादसा एंग्लो अभिलेख कोष्ठ के कक्ष में हुआ है। सुबह अचानक तेज आवाज के साथ छत का बड़ा हिस्सा नीचे गिरा और कमरे में धूल का गुबार फैल गया। हादसे के समय छुट्टी का दिन होने के कारण वहां कोई कर्मचारी और लोग मौजूद नहीं थे। जिससे जनहानि नहीं हुई। छत गिरने से कमरे में रखी कई महत्वपूर्ण सरकारी फाइलें मलबे और धूल में दब गईं।

**मलबा हटाने का काम जारी:** हादसे की सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी और अधिकारियों को जानकारी दी। फिलहाल मलबे को हटाने और फाइलों को सुरक्षित निकालने का काम शुरू किया गया है। बताया जा रहा है कि, रायपुर कलेक्ट्रेट भवन की लंबे समय से मरम्मत नहीं की गई है। **कर्मचारियों के पेंशन और पुराने गैजेट संबंधित रिकॉर्ड थे:** एडिशनल कलेक्टर मनीष मिश्रा का कहना है कि, अंग्रेजी अभिलेख कक्ष में हादसा हुआ है। सूचना मिलते ही संबंधित लोगों को बुलाकर चीजों को व्यवस्थित किया गया। रिकॉर्ड को भी बाहर निकाल कर व्यवस्थित रखवाया जा रहा है। इस रूम में पुराने कर्मचारियों के पेंशन और पुराने गैजेट से संबंधित रिकॉर्ड थे। अब आगे जो भी उचित कदम होगा उठाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस कक्ष में पुराने कर्मचारियों के पेंशन और गैजेट से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड रखे थे। आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण में भी किले के पत्थर लगाए:** इतिहासकार रामेन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि रायपुर कलेक्ट्रेट भवन को अंग्रेजों ने 1854 के दौरान बनवाना शुरू किया था। कल्चुरी राजाओं के किले के पत्थर रायपुर कलेक्ट्रेट भवन में लगे हैं। 600 साल पुराने किले के सफलिश पत्थरों को अंग्रेजों ने भवन निर्माण में लगाया था।

रामेन्द्र नाथ मिश्र बताते हैं कि कल्चुरी राजाओं में सबसे आखिरी राजा अमरसिंह देव थे। इन्हीं के किले से पत्थर भवन बनाने में लगाए गए। भवन 190 साल पुराना होगा। अब भवन ही हालत खस्ता है। वर्षो से भवन मरम्मत नहीं होने की वजह से इस तरह की नौबत आई है।

## लाल चंदन तस्करी का नागपुर से रायपुर तक फैला था नेटवर्क

### ईडी ने कुर्क की करोड़ों की संपत्ति

**रायपुर, 28 सितंबर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल चंदन की तस्करी में शामिल आरोपी अब्दुल जाफर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने आरोपी की 8.6 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। आरोप है कि जाफर ने यह संपत्ति तस्करी से कमाए गए अवैध धन से खरीदी थी। जांच में सामने आया कि वर्ष 2016 में अब्दुल जाफर ने रायपुर के एक गोदाम में 576 लाल चंदन के लट्ठे छिपाकर रखे थे। इन लट्ठों का कुल वजन करीब 11 टन था और इन्हें दुबई भेजने की योजना बनाई जा रही थी। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली थी कि जाफर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल चंदन की तस्करी में सक्रिय है। इसी सूचना पर 2 अक्टूबर 2016 को नागपुर में एक कंटेनर रोका गया। जांच में उसमें से 1,324 लाल चंदन के लट्ठे (करीब 14 टन) बरामद हुए, जिन्हें स्पंज आयरन के नीचे छिपाकर रखा गया था।

**रायपुर में भी बरामद हुआ लाल चंदन**

नागपुर में हुई कार्रवाई के बाद 4 अक्टूबर 2016 को रायपुर के गोदाम पर छापा मारा गया। इस दौरान वहां छिपाकर रखे गए 576 लाल चंदन के लट्ठों को भी जब्त कर लिया गया।

**आरोपी फिलहाल जेल में**

इन कार्रवाइयों के बाद अब्दुल जाफर को गिरफ्तार किया गया था और वह वर्तमान में रायपुर जेल में बंद है। ईडी का कहना है कि तस्करी से कमाई गई रकम से खरीदी गई उसकी करोड़ों की संपत्ति अब कुर्क कर दी गई है।



### छत्तीसगढ़ के 54 युवाओं को दिल्ली में किया गया सम्मानित

## कोविड व वुमन एम्पावरमेंट पर बेहतर काम करने के लिए भारत मंडपम में पुरस्कृत



**रायपुर, 28 सितम्बर।** राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित यूथ अचीवमेंट अवॉर्ड 2025 में इस बार छत्तीसगढ़ के 54 युवाओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय संस्था हृढ्ढस्न (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम फॉर आर्टिस्ट एंड एक्टिविटीज) की ओर से आयोजित किया गया था।

**समाजसेवा में योगदान के लिए सम्मान:** सम्मानित युवाओं में कैलाश शर्मा, तोरण ठाकुर, करण कश्यप, पूजा देवांगन, सृष्टि समेत कई समाजसेवी शामिल रहे।

**युवाओं के कौशल विकास:** महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ÷हमर बहनी हमर बात÷ जैसे कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया।

**अंतरराष्ट्रीय नेता रहे मौजूद:** इस कार्यक्रम में मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोकुल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, महापौर रेणु बाला गुप्ता, जापान से आई डेलीगेट एच यू, और मॉरीशस से सत्यम पॉल डेलिगेशन समेत कई अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**जापानी डेलीगेट की खास घोषणा:** जापानी डेलीगेट एच यू ने घोषणा की है कि वे प्रदेश और देश के बच्चों को जापानी टेक्नोलॉजी की मुफ्त ट्रेनिंग देंगे। ट्रेनिंग का पूरा खर्च भी जापानी डेलिगेशन वहन करेगा। इससे युवा वर्ग नई टेक्नोलॉजी सीखकर आगे अन्य युवाओं को प्रशिक्षित कर सकेंगे।

**नेताओं ने दी शुभकामनाएं:** इस उपलब्धि को लेकर भाजपा मध्य क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, पवन साय, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महापौर मीनल चौबे ने सम्मानित युवाओं को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

## शकुन्तला ने सोलर ऊर्जा से घटाया बिजली बिल, अतिरिक्त उत्पादन से आमदनी भी

**रायपुर, 28 सितंबर।** भिलाई निवासी शकुन्तला ने सोलर ऊर्जा से घटाया बिजली बिल, अतिरिक्त उत्पादन से आमदनी भीप्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आमजन को हो रहा लाभ अब दिखाई देने लगा है। भिलाई निवासी शकुंतला टंडन ने अपने घर की छत पर 2 किलोवाट क्षमता की रूफ्टॉप सोलर पैनल यूनिट स्थापित की है। उन्हें इस योजना के तहत केंद्र सरकार से 62,000 रूपए तथा राज्य सरकार से 30,000 रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है।

शकुन्तला टंडन के अनुसार, उन्होंने 13 दिसंबर 2024 से अब तक 3,590 यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है, जिसमें से 1,000 यूनिट बिजली विभाग को विक्रय भी किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी अपने आसपास के लोगों और बच्चों से मिली। शकुन्तला ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उनके घर के बिजली बिल में भारी कमी आई है और अतिरिक्त उत्पादन से आय भी अर्जित हो रही है। उन्होंने कहा, ÷मैं सभी से अपील करती हूँ कि इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सोलर पैनल अवश्य लगवाएँ और मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में रूफ्टॉप सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान दें। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट क्षमता की रूफ्टॉप सोलर यूनिट लगाने पर प्रति माह 300 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले परिवार को सालाना लगभग 15,000 रूपए की बचत का आश्वासन दिया गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2 किलोवाट क्षमता वाले सिस्टम के लिए सिस्टम लागत का 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता वाले सिस्टम के लिए अतिरिक्त सिस्टम लागत का 40 प्रतिशत सीएफ्ए प्रदान किया जाता है।



### व्याख्याता पदोन्नति के लिए ऑनलाइन ओपन काउंसलिंग के तृतीय दिवस 84.57 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित हुए

**रायपुर, 28 सितंबर।** लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा कुल 1227 प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) एवं शिक्षक संवर्ग (बी.एड. प्रशिक्षित स्नातकोत्तर) एल.बी. को आनलाईन ओपन काउंसलिंग द्वारा व्याख्याता/याख्याता (एल.बी.) टी. संवर्ग के पद पर पदोन्नत हेतु काउंसलिंग 25 से 28 सितंबर तक आयोजित की किये गये हैं।

गौरतलब है कि कुल 1227 प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) एवं शिक्षक संवर्ग (बी.एड प्रशिक्षित स्नातकोत्तर) एल.बी को व्याख्याता/व्याख्याता (एल.टी) टी. संवर्ग के पद पर पदोन्नत किए जाने हेतु दिनांक 25 सितंबर से 28 सितंबर तक आनलाईन ओपन काउंसलिंग शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में आयोजित की गई है। इस दौरान काउंसलिंग के तृतीय दिवस (27 सितंबर 2025) कुल 296 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दो पालियों में आयोजित की गई। जिसमें हिन्दी विषय के 182 अभ्यर्थियों में से 143 अभ्यर्थी उपस्थित थे तथा 39 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे, अर्थशास्त्र विषय के 114 अभ्यर्थियों में से 82 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 32 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। काउंसलिंग की प्रक्रिया में दिनांक 25 से 27 सितंबर 2025 में कुल 1102 अभ्यर्थी में से 932 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 170 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। जिससे कुल उपस्थिति प्रतिशत 84.57 रहा है। संचालनालय के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि ऑनलाइन ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया के अंतर्गत सभी अभ्यर्थियों को उनके द्वारा चयनित विद्यालयों में पदस्थापना हेतु नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**आयोजन** | प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात से मिली नई ऊर्जा

## शासन की योजनाओं को घर-घर पहुँचाना प्राथमिकता : मंत्री राजवाड़े

**रायपुर, 28 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम ÷मन की बात÷ के 126वें संस्करण का प्रसारण आज पूरे प्रदेश में उत्साहपूर्वक सुना गया। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे बीरपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ सुना।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में त्योहारों का शुभ दौर शुरू हो गया है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे पर्व पूरे देश में उल्लास और श्रद्धा से मनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विजयदशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और संघ के स्वयंसेवक हर संकट की घड़ी में सेवा भाव से कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें अमूल्य धरोहर बताया। साथ ही उन्होंने गांधी जयंती पर खादी खरीदने और 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उनके योगदान को स्मरण करने का आह्वान किया।

मन की बात कार्यक्रम के पश्चात मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र सेवा के महत्व से अवगत कराया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सभी को सीधे प्रधानमंत्री जी से जोड़ता है और नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुँचाना तथा आमजन को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है। सरकार पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जनता की सेवा में कार्यरत है।

## जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं की कमी चिंता का विषय : रत्नाकर मिश्रा

**भिलाई, 28 सितंबर।** आयुर्वेद एवं मनोविज्ञान के शोधार्थी डॉ रत्नाकर मिश्रा ने कहा है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती जागरूकता के बावजूद देश के कई जिलों में मनोवैज्ञानिक निर्देशन और परामर्श सेवाएं आज भी नदारद हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जिला स्तर पर ऐसी सेवाओं की अनुपलब्धता न केवल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के विपरीत है, बल्कि यह संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि पर भी सवाल खड़ा करती है।

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का असर छात्रों और युवाओं पर सबसे अधिक देखा जा रहा है। कई जिलों में मनोविज्ञान स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध नहीं हो रहे। यह बड़ी लापरवाही मानी जा रही है, जिससे नए पेशेवरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने में कठिनाई हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार नई शिक्षा नीति में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन के अधिकार और अनुच्छेद 39(फ) में बच्चों के स्वास्थ्य व विकास के अधिकार का प्रावधान है। जिला स्तर पर परामर्श सेवाओं की कमी इन प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता न केवल नागरिकों के जीवन स्तर और उत्पादकता को प्रभावित कर रही है, बल्कि देश की विकास योजनाओं की रफ्तार को भी धीमा कर रही है। जानकारों का कहना है कि इस समस्या के लिए राज्य और केंद्र सरकार दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं।

वे मांग कर रहे हैं कि प्रत्येक जिले में मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र खोले जाएं, मनोविज्ञान विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था की जाए और मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा व स्वास्थ्य योजनाओं का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए। विशेषज्ञों ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाएं और सरकारों पर ठोस कदम उठाने के लिए दबाव बनाएं, ताकि समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्षम बनाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26